■ NBT रिपोर्ट ,खोड़ा : खोड़ा में सीटीपीटी ब्लास्ट में घायल पीड़ितों को जल्द सहायता राशि प्रदान की जाएगी। सभी का निशुल्क इलाज होगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मंत्री सुनील शर्मा शनिवार हादसे में घायल कमलेश कुमार चौधरी से मिलने खोड़ा के निजी अस्पताल पहुंचे। बता दें कि राजीव विहार में कविता पैलेस सिनेमा हॉल के बाहर लगी सीटी पीटी यूनिट फटने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चीफ इंजीनियर पवन अग्रवाल का कहना है कि विभाग की ओर से इलाज के लिए 10 हजार अनुग्रह राशि और बीस हजार रुपये अलग से दिए जाते हैं।

नहाते समय बनाया युवती का विडियो, दुष्कर्म का आरोप

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : ट्रांस हिंडन जोन में रहने वाली एक महिला ने अपने ही कार चालक और उसके दोस्त पर नहाते समय विडियो बनाने, फिर उसे वायरल कर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि करीब दो महीने पहले उन्हीं की गाड़ी चलाने वाले युवक ने चोरी छिपे नहाते समय का विडियो रेकॉर्ड कर लिया था। इसके बाद उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि दो महीने तक दोनों दुष्कर्म करते रहे। 15 जनवरी को साहिबाबाद स्थित होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। 17 जनवरी को वह मां के साथ थाने पहुंची और शिकायत की।

बिना किताबें पढ़ाने के ऑप्शनल टिप्स मीटिंग में बताएंगे टीचर्स

■ NBT न्यूज, गाज़ियाबाद

AI Image

कक्षा में किताबें न होने पर शिक्षक किन वैकल्पिक तरीकों का प्रयोग करेंगे, इसकी जानकारी वे प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की मासिक शिक्षक संकुल बैठक में देंगे, जो 20 जनवरी को होगी। दोनों के लिए बैठक का एजेंडा अलग-अलग होगा। शिक्षक कक्षा में किताबें न होने पर प्रयोग करने वाले वैकल्पिक तरीकों के अलावा कहानी सुनाने, चित्रकला, खेल पहेली, डिजिटल संसाधन आदि पर अपने विचार साझा करेंगे। डायट प्राचार्य, प्रवक्ता, बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी आदि यह बताएंगे कि किताबें महत्वपूर्ण हैं, मगर शिक्षक की रचनात्मकता व संसाधनों का सही उपयोग सीखने की क्षमता को कभी सीमित नहीं करता है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक बताएंगे कि बैगलेस शनिवार को किस प्रकार की गतिविधियां कराई जा रही है। बच्चों को कौन सी गतिविधि में सबसे अधिक आनंद आ रहा है।

बाउंड्रीवॉल बना रहे थे, आवास विकास ने तोड़ा

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : पने कोहरे का फायदा उठाकर सिद्धार्थ विहार सेक्टर-4 में लगभग 4 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जा रहा था। आवास विकास परिषद के अधिकारियों को जैसे ही इसकी सूचना मिली, उन्होंने इसे तुरंत तुड़वा दिया, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान लगातार झूठे तथ्यों के साथ कड़ा विरोध किया गया। आवास विकास के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अजय मिलन ने बताया कि इस जमीन की मार्केट वैल्यू 40 करोड़ है, जिसे कब्जा किया जा रहा था। कब्जा करने वालों के खिलाफ थाने में शिकायत दी गई है।

तंत्र-मंत्र से मालामाल होने के चक्कर में दोस्तों ने ही की थी ऑटो चालक की हत्या

■ NBT न्यूज, लोनी

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के अगरौला गांव के जंगल में जले हुए ऑटो में मिले शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि ऑटो चालक की हत्या तीन दोस्तों ने की थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी की तलाश की जा रही है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पवन पुत्र करण पाल निशांत कॉलोनी का रहने वाला है। वहीं, सागर उर्फ पंडित पुत्र सुशील बागपत के ब्रह्मचैली थाना छपरौली का निवासी है। इनके कब्जे से बैटरी ऑटो और एक गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि मृतक नवीन तीन दोस्तों पवन, सागर और नसीम को लेकर दिल्ली में एक तांत्रिक से मिलने गया था। जहां तांत्रिक ने किसी परिचित व्यक्ति की बलि देने पर उसके मालामाल होने और परमात्मा से मिलन की बात कही थी। नवीन ने तांत्रिक से अपने किसी दोस्त की बलि देने की बात पूछी थी। इनकी बात सुनकर तीनों को शक हुआ।

दो अरेस्ट, एक फरार, बैटरी ऑटो और सिलिंडर भी बरामद

ऐसे की वारदात

आरोपियों ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली में तांत्रिक से मिलने के बाद घरों सीधे सागर के घर चले गए। टेशन में सभी ने शराब पी। बाद में पवन, सागर और नसीम ने नवीन के सिर, कमर पर बारी-बारी से सिलेंडर से वार कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद शव को कंबल में लपेटकर उसी के ऑटो में रखकर शिटोरा मोड़ के पास जंगल में लेकर पहुंचे। जहां ऑटो के साथ शव में आग लगा दी। ऑटो व शव जली हुई हालत में अगली सुबह मिले थे।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंचे दोस्तों ने फ्लैट का दरवाजा तोड़ा तो अंदर बेसुध अवस्था में पड़े थे। मामले की सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस के जरिए उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से इटावा के रहने वाले 28 वर्षीय विश्वास चौधरी यहां शक्ति खंड 3 में रहते थे और एक ऑटोमोबाइल कंपनी में काम करते थे। विश्वास के दोस्त विशेष ने बताया कि आज वह अपने फ्लैट पर ही था। दोपहर को उसके दोस्त फ्लैट पर पहुंचे, तो अंदर विश्वास बेड पर बेसुध हालत में था। अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हवा बेहद खराब, 22 से बारिश संभव

■ NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। शनिवार सुबह भी पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। विजिबिलिटी बेहद कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंटा और धूप ने सर्द हवा को बेअसर कर दिया। शनिवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया।

बेहद खराब श्रेणी में एक्यूआई

शहर की हवा में खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 394 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी के उच्चतम स्तर पर है। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 22 और 23 जनवरी को देखने को मिल सकता है। दोनों दिन हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। फिलहाल सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

कोहरे के कारण लेट हुई ट्रेनें: कोहरे और कम दृश्यता के चलते शनिवार को कई ट्रेनें लेट रहीं। शनिवार को आश्रफली एक्सप्रेस 6 घंटे, ब्रह्मपुत्र मेल 4 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस करीब 1.30 घंटे की देरी से पहुंची। सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर 1.50 घंटे, नई दिल्ली एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस करीब 1.40 घंटे लेट, पलवल-गाजियाबाद इंटरसिटी 3 घंटे, सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर 1.30 घंटे, दनकौर दिल्ली मेमू 1 घंटे की देरी से पहुंची।

तीन भूखंडों की रजिस्ट्री कराने के बाद नहीं दी रकम

■ NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र में भूखंड की रजिस्ट्री के दौरान दिए गए 15 लाख रुपये के दिए गए तीन चेक का आज तक भुगतान नहीं किया गया। साथ ही नकद तीन लाख का पेमेंट भी नहीं किया गया। मसूरी गांव के रहने वाले ईश्वर सिंह ने बताया कि 2022 में रईसपुर के रहने वाले आरोपी सतेन्द्र कुमार द्वारा उनके मसूरी स्थित जमीन पर तीन भूखंड 600 वर्ग गज की रजिस्ट्री कराई थी। यह रजिस्ट्री दिल्ली निवासी स्वाती सिरोही के नाम हुई। उस वक्त तीन चेक 15 लाख के खोले गए थे, जो रजिस्ट्री के बाद देने थे। लेकिन वह चेक आज तक नहीं दिए गए।

फर्जी इकरारनामे के आरोप में FIR के निर्देश

■ NBT न्यूज ब्यूरो : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 ने राजीव बिल्ला की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोतवाली पुलिस को मेहर चंद नं 100 के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के आदेश दिए है। राजीव बिल्ला ने कोर्ट को बताया कि मेहर चंद नं 100 रुपये के स्टांप पेपर का दुरुपयोग कर फर्जी इकरारनामा तैयार कराया। 11 फरवरी 2019 को इकरारनामा लिखा गया, जबकि उस दिन आवेदक विपक्षी के कार्यालय नहीं गया था।

राहत | 9 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़क को एनसीआरटीसी ने नए सिरे बनाया

मेरठ तिराहे से दुहाई तक सड़क सुधरी, जाम से निजात

■ NBT रिपोर्ट, गाज़ियाबाद

एनसीआरटीसी (NCRTC) ने मेरठ तिराहे से दुहाई स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (EPE) तक की सड़क के जीर्णोद्धार का काम पूरा कर लिया है। लगभग 9 किलोमीटर से ज्यादा लंबे इस खंड को अब लोक निर्माण विभाग (PWD) को हैंडओवर कर दिया गया है। नमो भारत कॉरिडोर के निर्माण के चलते कुछ समय से यह मार्ग बदहाल था।

एनसीआरटीसी ने इस सड़क को पहले से ज्यादा चौड़ा और सुरक्षित बना दिया है। यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग के लिहाज से चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि इस व्यस्त सड़क पर ट्रैफिक के बीच नमो भारत के पिलर और ट्रैक तैयार किए जाने थे। अब इस मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

पहले से ज्यादा चौड़ी बनाई: एनसीआरटीसी ने स्थानीय लोगों और भारी वाहनों के दबाव को समझते हुए सड़क का चौड़ीकरण किया है। पहले इस सड़क की चौड़ाई महज 7 मीटर थी। अब इसे दोनों तरफ बढ़ाकर 10.5 मीटर कर दिया गया है।

सड़क के दोनों ओर अतिरिक्त जगह मिलने से ट्रैफिक का प्रवाह बेहतर होगा और पैक आवर्स में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। यह चौड़ीकरण मेरठ तिराहे से दुहाई ईपी तक करीब 9.3 किलोमीटर के पूरे हिस्से में किया गया है।

जलभराव की समस्या भी खत्म: दिल्ली-मेरठ रोड की सबसे बड़ी समस्या बरसात के दौरान होने वाला जलभराव था। इस समस्या का स्थायी समाधान करते हुए एनसीआरटीसी ने सड़क के दोनों ओर लगभग 6 किलोमीटर लंबे पक्के नाले का निर्माण किया है। बेहतर ड्रेनेज सिस्टम होने से बारिश के पानी की निकासी तुरंत हो जाएगी, जिससे यात्रियों को जलभराव के कारण लगने वाले जाम से जूझना नहीं पड़ेगा।

सौंदर्यीकरण का भी रखा गया ध्यान: सड़क के जीर्णोद्धार के साथ सौंदर्यीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया है। कॉरिडोर के भीतर खास काम किया गया, ताकि जनता को दिक्कत न हो। अब नमो भारत का परिचालन शुरू हो चुका है तो एनसीआरटीसी सड़कों को संबंधित विभागों को वापस कर रही है। मेरठ तिराहे से दुहाई तक का हिस्सा अब पीडब्ल्यूडी के पास है।

2018 में शुरू हुआ था सफर, अब जिम्मेदारी बदली

नमो भारत कॉरिडोर के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने साल 2018 में यह सड़क एनसीआरटीसी को सौंपी थी। तब से लेकर अब तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी एनसीआरटीसी के पास ही थी। निर्माण के दौरान बैरिकेडिंग के भीतर खास काम किया गया, ताकि जनता को दिक्कत न हो। अब नमो भारत का परिचालन शुरू हो चुका है तो एनसीआरटीसी सड़कों को संबंधित विभागों को वापस कर रही है। मेरठ तिराहे से दुहाई तक का हिस्सा अब पीडब्ल्यूडी के पास है।

45 साल बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज की आई याद, नौ करोड़ से सुधरेंगे हालात

Anup.Pandey
@timesofindia.com

■ गाज़ियाबाद : शास्त्री नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को 45 साल बाद नया जीवन मिलने जा रहा है। वर्ष 1981 में बने इस कॉलेज की इमारतों में अब तक कभी बड़े स्तर पर मरम्मत का काम नहीं हो सका था। समय के साथ कॉलेज का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर जर्जर हालत में पहुंच गया था। आए दिन छात्र पानी के रिसाव, प्लास्टर गिरने और खराब सुविधाओं की शिकायत करते थे।

अब शासन की ओर से कॉलेज के रिनोवेशन के लिए करीब 9 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। कॉलेज प्रिंसिपल जनबीर लोनी ने बताया कि इस बजट से कॉलेज के सभी भवनों की मरम्मत और नवीनीकरण कराया जाएगा। निर्माण कार्य इत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के माध्यम से कराया जाएगा। पहले चरण के कार्य के लिए 1.54 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है।

रिनोवेशन के तहत मुख्य और वर्कशॉप बिल्डिंग की क्लासरूम और लैब की जर्जर स्थिति को सुधारा जाएगा। गर्ल्स हॉस्टल और उसके बाथरूम की मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा आवासीय और सुरक्षा से जुड़े ढांचों पर भी काम होगा। गेट हाउस गार्ड रूम और बाउंड्रीवॉल का निर्माण और मरम्मत कराई जाएगी। कॉलेज परिसर के भीतर सीधी रोड और गेट का निर्माण भी शामिल है।

1981 में बने इस कॉलेज की हो रही थी रंगाई-पुताई

> कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर 5 साल से प्रयास कर रहे थे। 45 साल पहले जब कॉलेज का भवन बना था, उसके बाद रिनोवेशन नहीं हुआ है। सिर्फ समय-समय पर रंगाई-पुताई हो जाती थी। इसकी वजह से बिल्डिंग की स्थिति काफी खराब थी। -जनबीर लोनी, प्रिंसिपल राजकीय पॉलिटेक्निक

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHABP User: cci Time: 01-17-2026 22:26 Color:

फटाफट खबरें

किशोरी लापता, अनहोनी की आशंका

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र से मानसिक रूप से कमजोर किशोरी संदिग्ध हालत में लापता हो गई है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में केस दर्ज करवाया है। राजौरी नगर निवासी परिजनों के अनुसार, 16 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। वह 14 जनवरी को लापता हो गई थी। कई जगह तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

ठगी के आरोपी को नहीं मिली ज़मानत

■ NBT न्यूज़ आरडीसी : सिद्धानी गेट थाना क्षेत्र में महिलाओं से जेवरात और रुपये ठगने के आरोपी आमिर की कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, 16 सितंबर 2025 को सुनीता देवी दिल्ली से अपनी बहन के घर शिवमपुरा आ रही थी। रास्ते में छबील दास स्कूल के पास दो युवकों ने महिला से जाने के कुशल, पायल, रिंग, तीन-चार हजार रुपये और मोबाइल फोन ठग लिए थे। मामले में आमिर को जेल भेजा गया था।

ऑटो की टक्कर से युवती घायल

■ NBT न्यूज़ आरडीसी : अमर कॉलनी थानाक्षेत्र में कलेक्ट्रेट के सामने हापुड़ रोड को पैदल क्रॉस कर रही एक युवती को तेज रफ्तार ऑटो चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवती को पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि युवती के दिमाग में चोट लगी है। दिल्ली के जहांगीरपुर में रहने वाले लालजी ने शिकायत देकर बताया कि नौ जनवरी को बेटी लक्ष्मी भाई से मिलने गाजियाबाद आई थी।

डिवाइडर से टकराई कार, शख्स की मौत

■ NBT न्यूज़, नुरादनगर : ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गांव मिल्क चकरपुर के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा कोहरे के कारण हुआ है। कार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बागपत से दुहाई की ओर जा रही थी। मृतक की पहचान शहराव निवासी मोहल्ला रसूलपुर रवार जिला रामपुर के रूप में हुई है। तीन लोग घायल हुए हैं।

लापरवाही के 'तालाब' में कार समेत समाया इंजीनियर, मौत

नोएडा सेक्टर-150 में एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर हादसा, बेसमेंट के लिए खोदा था गड्ढा

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

युवराज

कोहरे के कहर ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जान ले ली। नौएडा के सेक्टर-150 स्थित एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट के लिए खोदे गए विशाल गड्ढे में उनकी कार जा गिरी। शुक्रवार रात 12 बजे कार नाले की टूटी बाउंड्रीवॉल को पार करते हुए पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। पेड़ों वाले सर्च ऑपरेशन में एसडीआरएफ ने शव बाहर निकाला। अभी कार की तलाश जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद वह मोबाइल की टॉर्च जलाकर उसने मदद की गुहार लगाई। उसने अपने पिता को भी फोन किया था।

सेक्टर-150 की टाटा पूरेका पार्क सोसायटी निवासी 27 वर्षीय युवराज मेहता गुड़गांव में नौकरी करते थे। वह एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। शुक्रवार रात वह 12 बजे छह अपनी कार से घर लौट रहे थे। रात में कोहरा घना था। इसी वजह से कार नाले की टूटी दीवार को तोड़ते हुए बेसमेंट के गड्ढे में जा गिरी। पीड़ितों के जरिये सूचना मिलने पर नोलेज पार्क थाना पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ की टीमों को बुला लिया। गहराई और अधिक पानी होने से कार तक पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी। गोताखोरों की मदद से इंजीनियर को बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे वाली जगह पर पिछले दिनों एक ट्रक नाले की दीवार तोड़कर पानी में चला गया था। पुलिस का कहना है कि हादसे की वजह तेज रफ्तार और कार का अनियंत्रित होना सामने आ रहा है।

सेक्टर-150 स्थित एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर इसी जगह से कार पानी में गिरी

लापरवाही या कोहरे का कहर

- रात 12 बजे कार नाले की टूटी दीवार को पार करते हुए पानी में जा गिरी
- कोहरा व सोसायटी के मोड़ पर नाले का अंदाजा नहीं लगने से हादसे की आशंका
- एसडीआरएफ व गोताखोरों ने खोजा इंजीनियर को, कार अभी भी नहीं मिली
- युवराज गुड़गांव की आईटी कंपनी डनहुमबी इंडिया में नौकरी करते थे
- शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह अपनी कार से घर की ओर लौट रहे थे
- रात में कोहरा घना था, इसी वजह से रास्ते का अनुमान न होने पर हो गया दुखद हादसा

काफी देर तक फंसा रहा

घटना के बाद पूरा परिवार टूट चुका है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंजीनियर पिता राजकुमार मेहता का इकलौता सहारा थे। बताया जा रहा है कि बेसमेंट में भारी मात्रा में पानी भरा हुआ था, जिसमें कार सवार युवक फंस गया और उससे निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह काफी देर तक फंसा रहा। उसने बचने का प्रयास किया। प्रशासनिक टीमों को आने में समय लगा।

सोसायटियों का भरा हुआ है पानी

सेक्टरवासी कई बार प्राधिकरण से नाले के आसपास बाउंड्रीवॉल और रिफ्लेक्टर लगाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस से संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। आशंका है कि कोहरे की वजह से एटीएस ली-ग्रैंडिओस सोसायटी के मोड़ पर नाले का सही अंदाज नहीं लगा। इसलिए कार गड्ढे में जा गिरी। यह 30 से 40 फुट गहरा है। इसमें आसपास की सोसायटियों का पानी भर जाता है। बिल्डर इसी जगह मॉल बनवा रहा था।

हादसे के बाद आनन-फानन में डलवा दिया मलबा

आसपास के लोगों ने बताया कि हादसा होने के बाद नोएडा अथॉरिटी ने लीपापोती शुरू कर दी है। हादसे वाली जगह पर दर्जनों ऊपर मलबा डाल दिया गया है। वहां पर डायवर्जन का बोर्ड लगा दिया गया है। ताकि वह अपनी जिम्मेदारी से बच सकें। लोगों ने वहां पर विरोध किया। लोग वहां पर बैरिकेडिंग और खतरे का निशान लगाने की मांग पहले से ही करते आए है।

5वें हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में हुआ प्रोडक्ट लॉन्च

हेमंत कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर (बाएं), लकी ड्रॉ विजेता डिस्ट्रीब्यूटर को गिफ्ट सौंपते हुए

कपूरा के 5वें हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवॉर्ड समारोह में 1,500 से ज्यादा अतिथि शामिल हुए, जिनमें चिकित्सक, आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा डॉक्टर के अलावा शामिल थे। कंपनी के लिए यह दोहरी खुशी का अवसर था। एक तरफ इंडस्ट्री के बेहतरीन परफॉर्मेंस को डजाग्रत करने का जश्न था तो दूसरी ओर कंपनी की एक बड़ी घोषणा का मंच भी था। मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि कपूरा के इस भव्य कार्यक्रम में 10 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए गए, जो विशेष रूप से आयुर्वेद चिकित्सकों की मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स कपूरा कंपनी के तीन साल के गहन शोध और अनुसंधान का नतीजा थे।

ये प्रोडक्ट्स चिकित्सा की दुनिया में मील का पत्थर साबित होंगे। इन उत्पादों को लेकर बाजार में जबरदस्त प्रतिक्रिया है, यही कारण है कि प्री लॉन्च से पहले ही एक लाख से ज्यादा यूनिट्स का ऑर्डर प्राप्त हो चुका था। यह कंपनी के प्रति चिकित्सकों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के भरोसे को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि कंपनी पिछले 27 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। गुणवत्ता और विश्वास इसके मुख्य आधार हैं। उन्होंने कहा कि कपूरा भारत की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक

हेमंत कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर (बाएं), लकी ड्रॉ विजेता डिस्ट्रीब्यूटर को गिफ्ट सौंपते हुए

मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों में से एक है, जिसकी तीन यूनिट्स हैं। इसके 600 से ज्यादा प्रोडक्ट्स हैं। इस कंपनी की खास बात यह है कि इसके वर्क फोर्स में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। कंपनी औफलाइन व्हीलरी एवं वितरकों का समर्थक है। कंपनी उन सभी साधनों का विरोध करती है, जो ऑनलाइन फुटकर बिक्रेता की मर्ग की बाध है। कंपनी के भविष्य की योजनाओं में इसके मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स शारजाह, यूएई में शामिल करना साथ ही अरब देशों में आयुर्वेद के लिए एक बड़ा बाजार बनाना और इस पर मजबूत पकड़ बनाना है। कंपनी की यह नीति मजबूत घरेलू स्थिति से लेकर क्षेत्रराष्ट्रीय प्रभाव की ओर बढ़ाव का संकेत देती है।

डिस्क्लेमर: इस लेख में किए गए दावे विज्ञापनदाता के हैं। हमका अखबार से कोई लेना-देना नहीं है।

आरोपी की ज़मानत अर्ज़ी खारिज

■ NBT न्यूज़, आरडीसी : अपर सत्र न्यायाधीश (फोर्ट संख्या-7) ने थाना विजयनगर क्षेत्र में महिला से मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में आरोपी रवि शुक्ला की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। वादिनी ने शिकायत में बताया था कि वह बच्चों को लेने सोसायटी के गेट पर पहुंची थी, तभी रवि शुक्ला ने मारपीट की।

Enterटेनमेंट masalamix

सना खान बोलीं, 'किसी ने प्रभावित नहीं किया'

सना खान के 2020 में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री छोड़ने के बाद उनके पति मुफ्ती अनस सईद पर सना का हेनेंडेज करने का आरोप लगा था। हाल ही में सना खान ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सच नहीं है। कोई भी आपको प्रभावित नहीं कर सकता, जब तक आप खुद ना चाहें।

प्रशांत जैन

एक दर्जन सीक्वल ला रहा है 2026

दशकों के कोविड के बाद सिनेमाघरों में नहीं लौटने से फिल्म इंडस्ट्री वाले खासे परेशान थे। उधर साउथ और हॉलिवुड की फिल्मों की रीमेक फिल्म बनाने का नया फॉर्मूला भी खासे में पड़ गया। कोविड के दौरान पब्लिक ने न सिर्फ साउथ बल्कि वर्ल्ड सिनेमा की फिल्मों को भी ओटीटी और इंटरनेट पर देखा डाला। किसी भी रीमेक फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शक उसकी ओरिजिनल फिल्म की चर्चा शुरू कर देते। इसके चलते कई रीमेक बॉलिवुड फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं।

इसी दौरान साल 2023 में सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके सबको हैरान कर दिया। अपनी प्रोवल्ड गदर एक प्रेम कथा की रिलीज के करीब 22 साल बाद रिलीज हुई इस सीक्वल फिल्म ने ना सिर्फ मुश्किलों से गुजर रही फिल्म इंडस्ट्री में जान डाल दी, बल्कि एक अदद सुपरहिट के लिए परेशान फिल्म वालों को सफलता का नया फॉर्मूला दे दिया। इसके बाद तो फिल्म निर्माताओं ने धड़ाधड़ अपनी सुपरहिट फिल्मों के सीक्वल घोषित करने शुरू कर दिए। नतीजतन इस साल करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार हैं। वहीं आने वाले सालों में भी यह सिलसिला जारी रहने वाला है, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में डेढ़ दर्जन से ज्यादा सीक्वल फिल्मों की प्लानिंग चल रही है। हॉलिवुड वाले तो पहले से सीक्वल फिल्में बना रहे हैं, लेकिन अब बॉलिवुड व साउथ वाले भी इस हिट फॉर्मूले को आजमा रहे हैं।

> अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे फिल्म की रिकॉल वैल्यू के चलते अच्छी ओपनिंग मिल जाती है, लेकिन फिल्म का ओवरऑल प्रदर्शन उसके कॉन्टेंट पर निर्भर करता है।
>
> -शिरीष जौहर, फिल्म बिजनेस एनालिस्ट

आने वाले सीक्वल

- स्त्री 3
- काबिल 2
- गदर 3
- जवान 2
- रामायण 2
- एनिमल 2
- पठान 2
- गोलमाल 5
- कुली 4
- डॉन 3
- हेरा फेरी 3
- जाट 2
- खलनायक 2
- खाकी 2
- तनु वेड्स मनु 3
- नो एंट्री 2
- फिक्र 2
- शैतान 2

2026 के सीक्वल

- बॉर्डर 2
- मर्दानी 3
- वध 2
- पति पत्नी और वो 2
- धुरंधर 2
- आवारापन 2
- धमाल 4
- जेलर 2
- भेड़िया 2
- कॉकटेल 2
- दृश्यम 3
- वेलकम 3

'सीक्वल फिल्म को मिलती है अच्छी शुरुआत'

2025 में करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में रिलीज हुई है। इनमें जॉली एलएलबी 3, रेड 2, धाँ 2, हाउसफुल 5 और सिकंदर जमीन पर प्रमुख थीं। बॉलिवुड से साउथ सिनेमा तक में सीक्वल के बढ़ते ट्रेंड के बारे में प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट सिरीश जौहर कहते हैं, 'यह सच है कि अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे अच्छी एडवांस बुकिंग व पहले वीकेंड पर अच्छी ओपनिंग मिल जाती है। खासकर 'गदर 2' के मामले में हम ऐसा देख चुके हैं। जब भारी संख्या में लोग फिल्म देखने के लिए टूट पड़े थे। बेशक दर्शकों में पुरानी हिट फिल्म की रिकॉल वैल्यू होती है। लेकिन सिर्फ सीक्वल फिल्म बनाकर हिट की उम्मीद करना सही नहीं है। मेरा मानना है कि किसी भी फिल्म का प्रदर्शन आखिरकार उसके कॉन्टेंट पर निर्भर होता है। कहानी दमदार है, तो वह प्रोक्वल फिल्म की तरह हिट होगी।'

खुशी की पुरानी फोटोज़ देख हैरान हुईं जाह्नवी

इन दिनों सोशल मीडिया पर 2016 की फोटोज शेयर करने का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। ये ट्रेंड इतना फमेंट किया जा रहा है कि तमाम फिल्मी सितारे भी इससे अछूते नहीं रहे। खुशी कपूर ने भी 2016 की अपनी कई फोटो शेयर की हैं, जिस पर जाह्नवी कपूर ने हैरानी जताई है। खुशी की पोस्ट की गई फोटोज में से एक पिक्चर में जाह्नवी कपूर भी उनके साथ नजर आ रही हैं। इन फोटोज के साथ खुशी ने कैप्शन में लिखा, 'मैं 2016 में सच में ज्यादा कूल थी।' उनकी इस पोस्ट पर बहन जाह्नवी कपूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जाह्नवी कपूर ने हैरानी जताते हुए लिखा, 'हर कोई यह क्यों कर रहा है।' खुशी की इन फोटोज पर उनके तमाम फैंस मनोदार कमेंट कर रहे हैं।

स्टार्स ने साझा कीं फोटोज

खुशी के अलावा दूसरे कई सिलेब्रिटीज ने अपनी 10 साल पुरानी फोटोज शेयर की हैं। ऐसी एक पोस्ट में अलिया शहरुख के साथ सेट पर दिख रही हैं। उन्होंने शहरुख को अपना फेवरेट को-स्टार भी बताया। वहीं करीना कपूर ने भी 2016 की फोटोज शेयर की हैं, जिनमें ज्यादातर फोटोज में उनका बेबी बंप दिख रहा है। उनके साथ सैफ अली खान भी हैं। उधर दीया मिर्जा ने आर. माधवन के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

फोटोज में दिख रही हैं जाह्नवी भी

खुशी कपूर ने अपनी कई फोटोज शेयर की हैं। उनमें से एक फोटो में वह बहन जाह्नवी कपूर के साथ दिख रही हैं। वहीं एक पिक्चर में वह सेल्फी लेती दिख रही हैं। एक अन्य फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरी फोटो में वह टूर पर नजर आ रही हैं। उनकी फोटोज पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं।

रहमान के बयान पर छिड़ा विवाद

संगीतकार एआर रहमान ने एक इंटरव्यू में इशारों में बताया कि उन्हें बॉलिवुड में कम काम मिल रहा है। क्या इंडस्ट्री में बाहर के लोगों से भेदभाव होता है? उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि मुझे इससे छुटकारा गया हो पर ऐसा महसूस नहीं हुआ। शायद आठ साल में पावर शिफ्ट के कारण और जो क्रिएटिव नहीं हैं, वे ज्यादा ताकतवर हैं, इस वजह से ऐसा हुआ हो। हो सकता है कि इसमें कुछ साम्प्रदायिक हो पर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। कई बार सुनने में आया कि मुझे बुक किया गया पर बाद में म्यूजिक कंपनी ने अपने पांच कंपोजर्स रख लिए। पर मैं इन सब को लेकर परेशान नहीं होता।'

> शायद लोग समझते होंगे कि एआर रहमान पश्चिम और अपने शो में ज्यादा व्यस्त रहते हैं, इसलिए हमारे पास नहीं आएंगे।

> मैं दशकों से गा रहा हूं, कई बार मेरे पास भी काम नहीं होता। मैं इसे पर्सनली नहीं लेता। मुझे इंडस्ट्री में कोई साम्प्रदायिकता नहीं दिखती।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZ8 User: jitesh.kalra Time: 01-17-2026 19:03 Color:

THE ELITE RESIDENCES

THE ELITE RESIDENCES

MAHAVASTU COMPLIANT

IGBC CERTIFIED SUSTAINABLE DEVELOPMENT

RAINWATER HARVESTING & STORMWATER MANAGEMENT

UNDERGROUND UTILITIES & STRUCTURED DRAINAGE

ROBUST PERIMETER & ENGINEERED SUB BASE FOR ROADS

PLANNED STREET SHADING & TREE CANOPY

CENTRAL PARK & GREENWAYS

CHILDREN'S PLAY & ACTIVITY ZONES

JOGGING & CYCLING TRACK

VARIED PLOT SIZES TO SUIT DIFFERENT ASPIRATIONS

WIDE INTERNAL ROADS (12M – 24M)

CLEAR TITLE & REGISTERED PLOTS

24 X 7 POWER BACK UP FOR COMMON FACILITIES

GAS PIPE LINE PROVISION

GATED TOWNSHIP WITH 3-LEVEL SECURITY

SWIMMING POOL

CONVENIENCE STORE

FITNESS ZONE

Scan for Location

HRERA-PKL-SNP-785-2025

ONE PRASTHA
BUILD • BETTER • BEYOND

+9181008-84008

www.oneprastha.com

@oneprastha

Disclaimer: This advertisement is for information purposes only and does not constitute an offer or invitation to offer. All images, plans, specifications, and amenities are artistic impressions and subject to approval and change as per developers. Please verify all details independently.

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZFP User: cci Time: 01-17-2026 23:00 Color:

खुशी की पुरानी फोटोज देख हैरान हुई जाह्नवी
p6

NBT
गाज़ियाबाद Times
OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । रविवार, 18 जनवरी 2026

संपूर्ण समाधान दिवस में आई 106 शिकायतें
P5

NBT से जुड़ें

अपने सेक्टर, सोसाइटी, कॉलोनी, स्कूल-कॉलेज या संस्थान से जुड़ी कोई खबर एनबीटी तक पहुंचाना चाहते हैं तो 9266462955 पर वॉट्सऐप करें। QR कोड स्कैन करके भी मेसेज भेज सकते हैं। अपना और इलाके का नाम लिखें। शुरुआत में #GZB लिखें।

हेल्पलाइन नंबर 24/7

112
पुलिस, ऐम्बुलेंस और फायर संबंधी सूचना दें, तुरंत मिलेगी सहायता

पुलिस कंट्रोल रूम 0120-2820758
ट्रैफिक कंट्रोल रूम 9643322904
नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर 1800 1803 012
डिप्टी विभाग इमरजेंसी 9193320115
डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी 8826294546
फायर कंट्रोल 0120-2777102 9454418348

हादसों में घायलों को तुरंत मिलेगा इलाज, बचेगी जान

गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने को लेकर चलाई मुहिम

■ आकाश तोमर, गाजियाबाद : समय पर उपचार न मिलने की वजह से अक्सर सड़क हादसों में जख्मी हुए लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में समय से इलाज उपलब्ध कराने और गोल्डन आवर में जान बचाने की कोशिश के तहत स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की ओर से एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें विभाग के आला अधिकारी से लेकर पीएचसी, सीएचसी के डॉक्टर समेत डीसीपी स्तर के पुलिस अधिकारी भी जुड़े है। हादसे की सूचना मिले ही पुलिस कंट्रोल को मिलेगी उसकी जानकारी इस ग्रुप पर शेयर की जाएगी। इसके बाद तत्काल ऐम्बुलेंस मौके पर जाएगी और घायल को लेकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाएगी। 14 जनवरी से यह मुहिम शुरू हो चुकी है। अब तक 22 लोगों का समय पर उपचार किया गया। एक्सिडेंट के ज्यादातर मामले DME, NH-9 और GT रोड से आए हैं।

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, शहर में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में 30 से 35 लोग घायल होते हैं। एक महीने में एमएमजी में 250 और संयुक्त अस्पताल में 180 से 200 मामले पहुंचते हैं। इनमें से करीब 10 प्रतिशत ऐसे लोग होते हैं, जो इलाज में देरी की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसी आंकड़े को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन ने मिलकर वॉट्सऐप ग्रुप बनाया है। इसमें दोनों प्रमुख जिला अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी के मेडिकल अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, एम्बुलेंस चालक और ऐम्बुलेंस सहायक समेत ग्रुप में करीब 150 लोग जुड़े हैं। इसमें डीसीपी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं।

> यह ग्रुप 'रोड एक्सिडेंट' के नाम से चलाया जा रहा है। जल्द ही इसमें प्राइवेट अस्पतालों को भी जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। गोल्डन आवर में जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसी उद्देश्य से यह ग्रुप बनाया गया है।
> -डॉ. अखिलेश मोहन, सीएमओ, गाजियाबाद

जल्द पहुंचेगी ऐम्बुलेंस

नई व्यवस्था के तहत पुलिस को सूचना मिलने पर ऐम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुंच सकेगी। इसके लिए शहर की कुल 40 ऐम्बुलेंस को जोड़ा गया है, जिनमें 108 नंबर की 16, 102 नंबर की 17 और अन्य 7 ऐम्बुलेंस शामिल है। कंट्रोल रूम से सूचनाएं तुरंत वॉट्सऐप ग्रुप में साझा की जाएगी।

प्रशिक्षित होंगे कर्मचारी

ग्रुप में मौजूद ऐम्बुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशन) को संदेश के माध्यम से साइड किया जाएगा। कई बार ऐम्बुलेंस को अस्पताल पहुंचने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में घायलों को स्थिर (स्टेबल) करने के लिए ईएमओ द्वारा डिडियो कॉल और संदेश के माध्यम से दवाओं और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही मरीजों की स्थिति के अनुसार इमरजेंसी में पहले से तैयारी की जाएगी, जिससे अस्पताल पहुंचते ही उपचार शुरू किया जा सके।

गलत दिशा में चलना खतरनाक

जिले में कुल एक्सिडेंट के करीब 20 फीसदी मामले उलटी दिशा में वाहन चलाने के कारण होते हैं। एक वर्ष में एक लाख 48 हजार रॉन्ग साइड के चालान किए गए। एसीपी ट्रैफिक नियाज़ुद्दीन ने बताया कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करने लगें तो घटनाओं में कमी आ सकती है।

नोट-आंकड़े जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक

ईरान में हिंसक प्रदर्शन से शहर के उद्यमियों के करोड़ों रुपये फंसे

फैब्रिक व्यापारियों पर दोहरी मार, USA भी नहीं जा पा रहा माल

ashu.mishra
@timesofindia.com

■ टीएनए : ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन और अमेरिकी रुख से शहर के कारोबारी प्रभावित हो रहे हैं। उद्यमियों की करोड़ों की पेमेंट फंसी है। इनमें अधिकतर फैब्रिक और महिलाओं के गारमेंट से जुड़े व्यापारी है। इनका कहना है कि एक तरफ अमेरिका ने टैरिफ बढ़ा रखा है, दूसरी तरफ ईरान में उनका पैसा फंसा है। 80 से 100 करोड़ रुपये फंसने की बात सामने आ रही है। वहीं, इंडस्ट्रियल असोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद का कहना है कि ऐसे उद्यमियों की लिस्ट बनाई जा रही जिनका माल और पेमेंट फंसा है। जल्द ही इस बारे में सीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्र लिखा जाएगा।

फैब्रिक और डाइंग इंडस्ट्री के काम से जुड़े उद्यमी संजीव त्यागी ने बताया कि भारत से उनका कंटेनर चाबहार बंदरगाह पहुंचता है। वहां से ईरान के अलग-अलग हिस्सों में मांग के अनुसार रोड के जरिए माल जाता है, लेकिन ईरान में हिंसक प्रदर्शन के चलते उनके कई कंटेनर मुंबई में ही रुके हुए हैं। उन्हें बताया जा रहा कि फिलहाल किसी भी तरह का माल ईरान ले जाने से मना कर दिया गया है। वहीं, उनकी पुरानी पेमेंट भी रुकी हुई है। करीब 5 करोड़ से अधिक का पेमेंट उनका रुका हुआ है। उनके कई जान पहचान के उद्यमी ने महिला परिधानों का विशेष रूप से ईरान के लिए व्यापार करते हैं, वे परेशान हैं। सूती कपड़ों से बने परिधान की ईरान में डिमांड है।

डिमांड हो गई है कम: फैब्रिक इंडस्ट्री से जुड़े प्रवीण ने कहा कि अधिक टैरिफ के कारण यूएस की तरफ पहले ही माल भेजना रोक कर वह मिडिल ईस्ट और यूरोप का सहारा ले रहे थे लेकिन अब ईरान में चल रहे संघर्ष के कारण वहां तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है। ऊपर से उनका पेमेंट भी फंसा हुआ है। रकम इतनी है कि फिलहाल बताना सही नहीं होगा।

मदद की गुहार लगा रहे उद्यमी: उद्स्ट्रियल असोसिएशन ट्रांस हिंडन के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि साहिबाबाद से ही 7-8 इंडस्ट्रियलिस्ट ने उनसे मदद मांगी है। उनका कहना है कि पेमेंट और माल दोनों फंसे है। मुख्यमंत्री के माध्यम से पीएम को लेटर भेजेंगे।

लंबे समय से पेमेंट अटकी

इंडियन इंडस्ट्रीज असोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के जनरल सेक्रेटरी राजीव बंसल ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर के उद्यमियों का करीब 400 से 500 करोड़ रुपये का माल फंसा हुआ है। सबसे खास बात यह है कि ईरान के चाबहार बंदरगाह से मिडल ईस्ट और सेंट्रल एशिया तक माल जाता है, वह भी प्रभावित हो रहा है।

> हमारे पास किसी उद्यमी ने शिकायत नहीं की है। यदि ऐसी कोई शिकायत लिखित में मिलेगी तो सीनियर अधिकारियों से बात करके इसका समाधान करने की कोशिश की जाएगी।
> - श्री नाथ पासवान, डीसी, जिला उद्योग केंद्र गाजियाबाद

फटाफट खबरें

बीएससी होम साइंस की परीक्षा 28 से

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : बीएससी होम साइंस क्लिनिकल न्यूट्रिशन और डाइटेटिक्स की परीक्षा 28 जनवरी से शुरू होगी। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 28 जनवरी को कोड जेड 010102 की परीक्षा होगी। 29 जनवरी को कोड बी 590101 टी, 30 जनवरी को कोड बी 600101 टी व 31 जनवरी को कोड बी 600103 की परीक्षा होगी। 1 फरवरी को रविवार का अवकाश रहेगा। 2 फरवरी को कोड 600102 टी, 3 फरवरी को कोड बी 590105 टी, 4 फरवरी को कोड बी 600103 टी व 5 फरवरी को कोड बी 600105 टी की परीक्षा कराई जाएगी।

डिप्टी सीएम पाठक आज शहर में

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रविवार को गाजियाबाद, हापुड़, बागपत और मेरठ के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा राजनीतिक और विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां प्रतिमा अनावरण और जनसभा करेंगे। डिप्टी सीएम साहिबाबाद के विकास एन्क्लेव (वार्ड 37) स्थित प्रेरणा स्थल जाएंगे। वहां महापुरुषों की प्रतिमाओं का अनावरण कर जनसभा को संबोधित करेंगे।

ओवरटेक करने पर की मारपीट

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : कविनगर थानाक्षेत्र में वाहन आगे निकालने से कार सवार तीन युवक नाराज हो गए। उन्होंने बाइक सवार से मारपीट कर दी। आकाश नगर रसूलपुर निवासी दीपांशु द्विवेदी ने बताया कि 12 जनवरी की शाम वह अपनी गाड़ी से गोविंदपुरम जा रहे थे। डीडीपीएस के पास एक गाड़ी से तीन युवक उतरे और मारपीट की। आरोपी कार को ओवरटेक करने से नाराज थे।

हमारा पता

एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

जेब में मोबाइल फटने से जला पैर

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र निवासी के पॉकेट में रखा मोबाइल फोन फट गया। इसमें उनका पैर बुरी तरह से जल गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। वृंदावन गार्डन निवासी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि उसने ई-कॉमर्स साइट से एक फोन खरीदा था। पांच जनवरी को मोबाइल उनकी जेब में रखा था। अचानक वह फट गया और उनका पैर गंभीर रूप से जल गया।

बिना फिटनेस नहीं चलेंगे स्कूली वाहन, लेंगे एक्शन

Anil Sharma

शनिवार को कई स्कूली वाहनों के डॉक्युमेंट चेक किए गए

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने जिले के सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के निर्देश जारी किए है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तीसरे सप्ताह में प्रशासन का पूरा जोर स्कूली वाहनों की सुरक्षा पर है। डीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक किसी भी स्कूली वाहन (चाहे वह स्कूल का हो या अनुबंधित) का फिटनेस टेस्ट पूरा नहीं हो जाता, तब तक उसे बच्चों के परिवहन के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने इस आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि अपने क्षेत्रों के स्कूलों से इस बात का प्रमाण पत्र ले कि उनके सभी वाहन मानकों के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य सड़क हादसों पर लगाम लगाना और स्कूली बच्चों के सफर को सुरक्षित बनाना है। प्रशासन की सख्ती से उन स्कूलों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, जो बिना फिटनेस और वैध दस्तावेजों के पुरानी बसों या वैन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सख्ती

- जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने सख्त निर्देश किए जारी
- DIOS और BSA को प्रमाण पत्र लेने की जिम्मेदारी सौंपी

महिला अटेंडेंट की मौजूदगी जरूरी

प्रशासन ने केवल फिटनेस ही नहीं, बल्कि स्कूली वाहनों के स्टाफ के लिए भी कड़े नियम तय किए है। डीएम के निर्देशानुसार सभी स्कूली वाहनों के चालकों का नाम, मोबाइल नंबर और घरेलू सत्यापन का प्रमाण पत्र परिवहन विभाग को देना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह भी निर्देश दिया गया है कि छात्राओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों में एक महिला परिचर (अटेंडेंट) की मौजूदगी जरूरी होगी।

यौन उत्पीड़न और हत्या में पड़ोसी को उम्रकैद

■ NBT न्यूज, उन्नाओसी: मुहानगर थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में पांच वर्षीय बच्ची से सेक्सुअल असॉल्ट कर उसकी हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर एक लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि में से एक लाख रुपये मृतका के पिता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष पॉक्सो एक्ट) कोर्ट के न्यायाधीश नीरज गौतम की कोर्ट ने सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि 5 अप्रैल 2019 को पीड़ित परिवार की ओर से मुहानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 7 अप्रैल 2019 को पांच वर्षीय बच्ची घर से लापता हो गई थी। परिजनों और स्थानीय लोगों ने तलाश की और मस्जिद से एलान भी कराया, लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं लगा। अगले दिन बच्ची का शव खेत में बरामद हुआ। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची से यौन उत्पीड़न के बाद हत्या की पुष्टि हुई थी। जांच में पड़ोस में रहने वाला मोहल्ला बच्ची का हाथ पकड़कर उसे ले जाते हुए कैमरे में कैद मिला। इसी आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को आरोपी को दोषी करार दिया गया था। शनिवार को अतिरिक्त आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही जुर्माना लगाया गया।

एक लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया

AI Image

परेड में विशेष अतिथि होंगे दो ग्राम प्रधान

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में इस बार गाजियाबाद की ग्रामीण विकास की झलक भी दिखेगी। जिले के दो ग्राम प्रधानों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि पंचायती राज निदेशालय को दोनों प्रतिनिधियों का पूर्ण विवरण भेज दिया गया है। विशेष अतिथियों की सूची में रजपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुशलिया के प्रधान अमीर अहमद और भोजपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुजानपुर अब्बाड़ा की प्रधान सीमा सिंह का नाम शामिल है। इन दोनों ग्राम पंचायतों को 2024-25 में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जिसमें सुजानपुर अब्बाड़ा ने पहला स्थान हासिल किया।

आज ज़िले के सभी बूथों पर बैठेंगे BLO

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: अगर आपकी उम्र 18 साल हो गई है और आपका नाम अभी तक वोटर लिस्ट में नहीं है, या फिर आप अपने पुराने वोटर कार्ड में कोई सुधार करवाना चाहते हैं, तो आपके पास मौका है। विशेष अभियान के तहत आज (रविवार) जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि रविवार की छुट्टी के दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) अपने-अपने पोलिंग बूथ पर मौजूद रहेंगे। यह अभियान उन लोगों के लिए एक बड़ा मौका है जो सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटना चाहते। मतदान केंद्रों पर बीएलओ के पास सभी जरूरी फॉर्म उपलब्ध होंगे और लोगों की मदद के लिए वहां हेल्प डेस्क भी बनाई गई है।

ऐसे जुड़वाएं नाम

अगर आपका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, तो आप 6 फरवरी 2026 तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

- **घर पर जाकर:** आप अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ से फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने के लिए), फॉर्म-7 (नाम कटवाने के लिए) और फॉर्म-8 (सुधार के लिए) ले सकते हैं।
- **दफ्तर से संपर्क:** तहसील या जिला निर्वाचन कार्यालय जाकर भी फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।
- **घर बैठे ऑनलाइन आवेदन:** https://voters.eci.gov.in या voters helpline mobile app के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

NH-334 पर कार से स्टंट, ₹12 हज़ार का चालान

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना हाफिजपुर क्षेत्र के नेशनल हाइवे- 334 पर युवकों का चलती कार की खिड़कियों पर बैठकर और खड़े होकर स्टंट करने का विडियो सामने आया है। पुलिस ने कार का 12 हजार रुपये का चालान किया। तीन युवक चलती कार की खिड़कियों पर बैठकर और खड़े होकर स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीछे चल रहे किसी वाहन में सवार व्यक्ति ने विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यातायात प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि विडियो का संज्ञान लेकर कार का 12 हजार रुपये का चालान किया गया।

खुशी की बात रविवार को लंदन रवाना होने से पहले पासपोर्ट मिलने से खुश हुई वैष्णवी, परीक्षा में हो सकेगी शामिल

छात्रा का भविष्य देख छुट्टी के दिन खुला पासपोर्ट ऑफिस

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद: राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी की रहने वाली वैष्णवी को उच्च शिक्षा के लिए लंदन जाना था। बुधवार को वहां उनका महत्वपूर्ण एग्जाम है, लेकिन उनके पास पासपोर्ट नहीं था। तकनीकी दिक्कतों के कारण उनका पासपोर्ट नहीं बन पा रहा था। हालांकि, उन्होंने तत्काल श्रेणी में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। नियमानुसार तत्काल पासपोर्ट जल्द मिल जाना चाहिए था, लेकिन कुछ खामियों और कागजात की कमी के कारण समय पर पासपोर्ट जारी नहीं हो सका। जब इसकी जानकारी क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी को मिली तो उन्होंने इसका संज्ञान लिया। शनिवार को छुट्टी होने के बावजूद दफ्तर खोलकर सारी औपचारिकताएं पूरी की गईं और पासपोर्ट बनाकर दे दिया गया।

वैष्णवी के मुताबिक, उन्होंने समय रहते तत्काल कोटे में आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली थी, ताकि वे बुधवार को लंदन में होने वाली अपनी परीक्षा में शामिल हो सकें। सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर आई दिक्कत की वजह से उनका पासपोर्ट प्रिंटिंग और डिस्पैच की प्रक्रिया में फंस गया। चूंकि रविवार को उनकी फ्लाइट थी, इसलिए उनके पास शनिवार के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा था। छात्रा और उनके परिजनों के लिए यह तनाव का विषय था क्योंकि पासपोर्ट न मिलने का सीधा मतलब उनकी परीक्षा का छूटना और एक साल की बर्बादी थी। इस बारे में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (RPO) अनुज खरब्बा को जानकारी दी गई। उन्होंने विभागीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। उन्होंने अवकाश के दिन भी ऑफिस के संबंधित अनुभाग को खोलने और आवश्यक स्टाफ को बुलाने के निर्देश दिए। अनुज खरब्बा ने व्यक्तिगत रूप से मामले की निगरानी की। कुछ ही घंटों की मेहनत के बाद पासपोर्ट तैयार कर छात्रा को सौंप दिया गया। पासपोर्ट प्राप्त करने के बाद वैष्णवी ने राहत की सांस ली और पासपोर्ट कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि रविवार को उनकी लंदन की फ्लाइट है। यदि शनिवार को पासपोर्ट नहीं मिलता, तो वे अपनी यात्रा नहीं कर पातीं।

> शनिवार को कार्यालय बंद रहता है, लेकिन प्रशासनिक काम के लिए कुछ स्टाफ को बुलाया गया था। छात्रा की जरूरत को देखते हुए छुट्टी के दिन भी पासपोर्ट जारी किया गया।
> -अनुज खरब्बा, रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर

शनिवार को छात्रा को पासपोर्ट देते कार्यालय के अधिकारी

जीवन साथी

दिल का रिश्ता

वधू चाहिए

जाति आवश्यकता

अग्रवाल-बिसा

SUITABLE Match for Bansal N/M, 14.03.91 / South Delhi / 5'10" / M.B.A. boy, Well settled Export Business. #9810279505/ 9958092820

UP bsd Agwl boy Dec.84/5'8" B.Tech MBA, I'less Div Wrkg MNC Gurgaon 28 LPA Sfdd in Delhi Seeks bride # 9871032142 E: agarwaldelhi07@gmail.com

AGGARWAL Boy based in New Delhi (Punjabi Bagh). Family business of Iron Steel, 5,11", Fair, 29 Year old, Non-Manglik, Bcom (H) & MBA. Seeking well educated girl from business family. Contact: 9 8 1 0 7 6 5 4 0 4 , aggarwalraghav53@gmail.com

PQM4 Mnglk boy, 5'10"/Feb 87 Exec MBA from XLRI, MCA, AVP, MNC Bank Ggn, 45 LPA, Send BHP to 9953775525/ kkg2ll@gmail.com

SM4 5'11" Garg 7-02-1987, 6.30am Faridabad never married BE + MBA I'ness veg TT boy of Kptd family #7678176113 / 9899577992.

ब्राह्मण

ALLIANCE (US Working Preferred) for Gaur Brahmin Dec.93 born 5'-11" Boy M.S. in CSE (A1) Working in California (US) H1B Visa Family at Gurugram (Haryana Based) Marriage Bureau Excuse 98305-77269.

SM 4 Pb Brahmin fair Veg boy, MS(CS), 93 born/185 cms wkng as S/W professional in US on work permit. W/Apps : 9968160796.

SARS. Br. Manglik, Nov 93/5'9" B.Tech, MBA, 28-LPA, MNC at Kolkata seeks WFH/ wkg match , caste NB. fmly Panchkula 9814062119.

SM4 Delhi bsd Saryupari Brhmin boy June 96/5'6" Central Govt officer in Ministry 12 LPA + affluent family girl wrkng/ Non working,no bar 9810852861

SMART Qualified Wkg Girl for a Well settled Gaur Brahmin boy 1995/5'10"wkg in a Pvt bank in Noida reputed family 9958552986/8118874373

BRAHMIN Boy 1974 Nvr Married pure Veg. MBA MCA own computer Inst. at Chowmahalla seeks Nvr Married Brahmin girl 9245117265/9597785931

PQM NCR bsd Bhardwaj boy 33/5'9", B.Tech+Pgdm, Settled in B'ness MNC distributor, Father BTech B'ness. Pref wkg bride. 9811110390

BRAHMIN Engineering Boy 27/5'5", Working in MNC, Gurugram, 14 LPA, Sandhalaya Gotra, Seeks a Beautiful girl. Contact: 9278863731, 9355487977

PQ B'ful, tall slim girl for 6'4", Aug 97/ B.Tech+ M.Tech+ PGDBM Gaur Brahmin Bhardwaj boy wkg MNC GGM 26 LPA own house. # 9818285194

H'SOME 44/5'11" kndj B.Tech(C.S),M.B.A (London), properties Delhi NCR, Like worked mnc, now self com-pany. Gilnt India tech nol-ogies 108 noida 40LPA, never married, 9415142535

B.TECH Brahmn boy 91/6' wkg MNC Noida from Lko based fmly, tech qualified, like minded working girl preferred #9453012981

SM4 Delhi-based Brhmn Engg Boy 29/5'8"/18LPA,Wkg MNC, Non-Mglk,Veg,Pref Delhi-NCR Girl, Caste No Bar,Mob no - 9250147208

SM4 Kanyakubj Brahmin boy 29 Yrs./6ft. B.Tech (Civil) DCE wkg as Mgr in Iron (PSU)Surat/20LPA, Fmly Sfdd in Delhi, Father Govt Officer. # 9625481060/ 9811233351

SM4 Brahmin Boy, 43/5'10", Unmarried Asst. Professor Pvt. College, own flat, Caste no bar, no dowry, early marriage thru temple/court. # 8383047874

M4 Brahmin Nov 90/6' BBA, Own business, well settled business family Faridabad # 9811114775, Em-j.p.sharma1647@gmail.com

✔ **BTECH/MBA** MANGLIK BOY OCT97/5.9"WKG FMCG DELHI 15LPA SEEKS QUAL GIRL 9911123453 hod-mgp@gmail.com

Prajit Sharda, 10th October 1980
Place of Birth - Phulpur(Allahabad)
Time 2.45 am, Height 6'4"
Working in Gurgaon MNC, B.tech. in IT
Divorcee. 9468489661

सलाह

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा दिए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

AGARWAL MCA, 39/5'8", Smart, unmarried boy from Delhi, own 2 Home & Shop 12 LPA. Seeks unmarried b'ful girl. Contact: 8368203081

MBA Anshik Manglik Veg. Boy 28/ 6' / Family Business, Faridabad Bsd Family. Seeks Slim, Edu. Homely Veg Girl. Pref. Delhi NCR # 9355611137

SM for Goel 32 years, 5'10", B.tech, MBA, 11 lac PA, Working with consultancy Co. in Delhi. Contact: Jitender Goel- 9810698448.

SM4 Handsome Jain Boy, August'96, 5'6", B.Tech (DTU). Well-established IT Entrepreneur, Delhi-NCR. Call / WhatsApp: 9711141546

HANDSOME AGARWAL GOYAL BOY 28YEARS 5'9" B.TECH CIVIL ENGINEER MBA
Proyograj UP Family Income 5 Figure Construction Business Looking for Worthy NON Working professionally aligned Same Caste Beautiful girl Expected well settled family Send profile and Photo on
7007363781

अरोड़ा

PQSM 4 Punjabi Arora only son Nov'91/ 5'9", MBA (ISB), CFA, Working as Vice President (IT), CTC 72 LPA, Delhi based prof. Family # 9810027300

SM for M.Com handsome, smart boy, wrkg as Entrprnur Income >25Lacs, Non-Manglik 5'6", May 1994, Chandigarh. Preferred Working. 7973015984

SM4 smart wheatish Jatav boy 28/5'10", Central Govt. Class-1 Officer seeks working girl in Central or Delhi Govt Services. Call/ whatsapp: 9868942634

FOR Jatav Smart Divorced Boy 37/5'10" (with 8 Year Son) Under Graduate, Pvt. Ltd. Job. Suitable Match Girl, Divorce, Widowe # 9871110464

कायस्थ

PQM4 Kayastha Manglik B.Tech boy 33/5'11", 50-LPA Working in MNC Banglore, send BHP on # 9450455525, 8127563202

29/5'10 B.TECH IIT MBA-IIM Sc Manager MNC 60 Lpa Father Govt. Officer Caste No Bar No dowry # 9540982702 , 6260051976

SRI Boy NM Oct 93, 5'5" B.Tech/ MBA, Fair Working Deloitte Gurgaon 46 LPA Seek Cultured Educated B'ful Girl Mob # 9818974610, 7011697963

WANTED bride for 27 y/o boy working in an MNC (only Mathur alliances solicited). Family is from Old Delhi, currently based in Bangalore. Contact 7838743809

LOOKING Suitable Match for Smart Fair boy, B.Tech. MBA, Manager in Reputed firm May 95/5'6" Contact No. 9412118316

SM4 Kayastha boy 32/5'6/12 LPA/B. Tech works in MNC-Delhi seeks b'ful prof. Qual. working Girl based in NCR# 6260757364

खत्री

SM4 Kshatriya boy Oct'88/ 5'-7' M.Tech (Biotech), Wrkg in reputed Co Gurgaon, Seeks well Educated match, Pref Delhi NCR W'App: 9266832873

UP Khatri boy /5'10"/Sr. S/W Engineer, Sc Pvt Ltd. (MNC Banglore), 25 Aug 1989 Stapur UP born, never married, Vegetarian, No-alcohol, Non-smoker, Looking for suitable, well educated girl pref. born after 1991. (Pref. UP Khatri) M : 6386324625

KHATRI, 27, 5.8", B.Tech (CSE), MBA(Premium Institute), working in MNC, looking for a professionally educated, working, ready to relocate, fair, slim , tall, like minded bride, contact 9935091330.

SM for Well Settled Delhi Based Punjabi Boy 5'11" / 05-08-90 / 4.45 a.m., B.Tech, Running Own Business. Mob: 9811993021, 9871471911

तमिल अय्यर

TAMIL Iyer Boy, B.E. (Delhi University) 5'11", 85kgs, 1997 born, Software Engineer-3, Bangalore, Kountanya, Chitra, Sect/subsect No bar Graduate/ Post-graduate/Prof girl pref. Contact: 9899100554.

सामान्य

अग्रवाल

H'SOME Jain/Goel 5'7"/66kg, BE (E&C) Engg Director / 1 Cr. PA US MNC, Lives in Noida, 21.5.74/4pm/Prop W: 9650500647, Email: jain1974s@gmail.com

SM4 Goyal Boy 1994/5'8" B.Tech. VIT, Vellore, Prev. Wkg at MNC in Aus, now in family's Pvt Ltd Co. at Fbd. Seeks B'ful, Qual. Wkg girl. Call /WA 9015920219.

AGARWAL Boy 32/170cms/ 70 kg/ B.Tech IIT/ PHD USA/ research scientist UK / Girl in UK or willing to live in UK W/C 9899057620.

B.TECH (ECE) Agarwal Boy 30/5'10"/40+Lpa working in MNC Noida. Lucknow based reputed family. Father Doctor. Pref wrking girl. Wts 9411000794

NCR based IIT/ MBA premier Institute girl for upper middle Garg boy May 92/5'8"/70L CA, CFA & MBA Oxford. WFH. Father CA. 9911586345

SM4 Delhi based Khatri Sikh B'ressman Boy Dec. 1986/5'8" Graduate, Never Married, no drink Looking Wrkg./Homely Girl. Contact:- 9999727933

जैन

SM4 Jain/ Gotra Goyal Boy/ MTech/ 28/ 5'7"/ MNC Gurugram/ 28 LPA/ father Retd. Senior Executive PSU /Contact @ 9979895075 /9228837979

SEEKING Tall Fair wrkng girl for a H'some fair Jain Boy 22.01.97/5'10",8.15 a.m, Delhi Goel Gotra B.Tech IEL,ga Soft. Engg.#9350148920/7836913258

MBA Boy Sept 95/5'8" Wkg reputd Startup Gurgaon 12LPA squint in one eye Father Gztd Offcr Well sttld family Own House in Delhi seeks Qual Girl

जाटव

HINDU Jatav H'some boy 96/5'8" fair, B.Tech Manager BOCL 25 LPA, father Rtd. IAS from lucknow seeks fair, well edu. working girl # 9800451010

SM4 smart wheatish Jatav boy 28/5'10", Central Govt. Class-1 Officer seeks working girl in Central or Delhi Govt Services. Call/ what'sapp: 9868942634

FOR Jatav Smart Divorced Boy 37/5'10" (with 8 Year Son) Under Graduate, Pvt. Ltd. Job. Suitable Match Girl, Divorce, Widowe # 9871110464

राजपूत

RAJPUT Chauhan, 25 yrs, 5'10", MBA, BBA (Hons), working as Consultant in reputed MNC, Gurugram. Seeking educated, cultured, girl from respectable Rajput family. Contact: 9891013628

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

MD /MS M4 tall h'some V.fair 5'11",Sep 96,MD Chest,SR Delhi Govt Hosp, Anshik Manglik, Dr Delhite,own nursing home,pcfd Del Ncr. 9810135073,9811975034

WELL settled match 4 panchkula based never married doctor 1974/5'4". Contact: 7973070110, Email: surgery.advanced@gmail.com

Doctor(U.P.)- 1/8/93,5'4" surgeon orthopaedic boy own hospital,father doctor,mother housewife, seeks doctor bride
9458704271,7017337989, 9412398706

KHATRI, 27, 5.8", B.Tech (CSE), MBA(Premium Institute), working in MNC, looking for a professionally educated, working, ready to relocate, fair, slim , tall, like minded bride, contact 9935091330.

SM for Well Settled Delhi Based Punjabi Boy 5'11" / 05-08-90 / 4.45 a.m., B.Tech, Running Own Business. Mob: 9811993021, 9871471911

धर्म आधारित

हिंदू

SEEKING bride for 33-yr groom, fam biz, Delhi based, Hindu biz family. Dir. contact 9266672218. Mrg. bureaus pls excuse only.

SUITABLE match for Delhi Born Khatri boy 02.06.93 5'10"/3.27pm Pilot in Airlines in India, Cast no bar, send profile W'ap/call: 9999499194

NI Brahmin Boy Reputed family 28/175 Athletic BS/ MS top US Univ wkg Top IT Co USA Green Card seeks PQM bride mridulanandan@yahoo.com , All Hindus Welcome

मुस्लिम

WELL settled, responsible and family oriented Sunni muslim boy 26,BTech professionally employed in Gurgaon seeks suitable match.Lucknow based family. Contact 7236008667 whtsapp 8400897661

सिख

SM4 Sikh Khatri boy, 29/5'10", B.Sc. Aviation, CPL, ATPL, Captain in Dubai based International Airline. Earns handsomely. Wapp- 9811032702

WORKING/ Non Wkg Match for Randasia Sikh Trimmed Beard Boy, 5'7' / 13.9.79, South Delhi,MCA MNC,13+LPA #9711857674

SIKH Tonk-Kashatriya non-turban boy, 5'-6", 1992, M.Tech., MBA, working at Mumbai as Sr. Engineer in Renewable Energy Sector, package 37 LPA. 9797-42397.

HANDSOME boy Sikh Ramgarhia 28/5'11 Delhi own house MBA wrkg MNC PKG 11 lakh seek working girl simple family. 98269 92800, 9818478920

SM4 Delhi based Khatri Sikh B'ressman Boy Dec. 1986/5'8" Graduate, Never Married, no drink Looking Wrkg./Homely Girl. Contact:- 9999727933

जर्नल

कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

बैंक ऑफ इंडिया के अधिकृत शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार ने दर्ज केस में बताया कि किशनलाल मार्केट सेक्टर-9 में बैंक का ऑफिस और एटीएम मशीन है। नौ जून 2022 से छह जून 2023 तक 21 बार में चोरी ने करीब दो लाख रुपये निकाल लिए। बैंक ने अपने स्तर से जांच की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने पान विजय नगर, दीबीपी नगर समेत कई अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया। अंत में उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। पांडित ने सबस्वी को कोर्ट में प्रस्तुत कर केस दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। कोर्ट के आदेश पर 16 जनवरी को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। एसीपी विजय नगर का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

ससुरालियों पर हत्या के प्रयास का आरोप

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना हापुड़ देहात क्षेत्र निवासी विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि उसका निकाह मेहल्ला हर्ष विहार निवासी साहिब अहमद से हुआ था। शादी के दौरान मेटरसाइकिल समेत करीब 20 लाख रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद ससुरालियों और दहेज की मांग करते हुए आए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 27 अगस्त 2025 को नन्दोई मुस्तार, नन्द समीरा, जालिश और नन्दोई डॉ. जुबैर ने मारपीट की। इस दौरान मुस्तार ने गला दबाकर हत्या का प्रयास किया।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs. To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

real estate

प्रॉपर्टी

बिक्री के लिए

गुड़गांव

SABHARWAL ASSOCIATES 9810061698 9810099174

Bldr Flr Dup.&Triplex, Simplex In DLF City 1-2-4, S.Lob-1, park fac., corner, Gated. 100% PBU size 300-400-500 & 1000 yd

Neelam M.Sc. B.Ed. 9873255806

DWARKA Ex-way Low Rise Gated Plots & Floors 180-570y/Projects for Developers/Farms 1000y-5Acre Westend Green/Vasant K

SUSHANT lok phase one 235 Sq yardh block near D P S school for immediate sale cosmos 9810001682

Ashok Sharma 9810491457

LAND SALE purchase R zone,Commercial,Industry ,Agriculture zone nearby Gurugram, Dharuheda, Sohna, Manesar 9810491457

FOR SALE
EMAAR AMARIS SECTOR - 62, GURGAON
EMAAR URBAN ASCENT SECTOR - 112, GURGAON
ELEVATE RESERVE SECTOR - 62, GURGAON
SIGNATURE GLOBAL TITANIUM - SPR
ADANI - SECTOR 102
WHITELAND ASPEN ICONIC
HUDA PLOT - SECTOR 51
KOTHI SECTOR - 43
BANK / RETAIL PRE LEASED ALSO AVAILABLE
Call For Query
9871191292
8076535921

डीएलएफ

DLF -IV PLOT 360 YDS DESRAJ 98110-72035

DLF -IV Confirm plot on 18 metre road 360 yds (near Galleria market)for more details call Desraj Kaundal 9811072035

DLF APARTMENTS FOR SALE
The Crest
Park Place
Belaire
Privana
KHUSHAL SETHI Housing Solutions (P) Ltd.
9810090598

फरीदाबाद

GREENFIELD LAKE WOOD PLOTS/COLLABORATION
ANIL MITTAL (SINCE 1992) 98100 31431

GREENFLD LAKEWD Kant Encl Plots,Flats Shop Com. Spaces.Wanted Collbr of Plots Green field/HUDA Sectors. AGM BUILDERS.

नोएडा

JAYPEE SPORTS CITY PLOT FOR SALE 99909 99513 99717 20158

JAYPEE SPORTS City, Plot-209 sqyds, Yamuna Expressway, Nr. Formula 1 Track & Jewar Airport. Registry/ Transfer Open.

For Sale Industrial Bldg 9650549774

450 Sqmt, 100000Sqft BUA, park facing,4 floors,functional at sec-80,Noida. Mint condition,nr. to samsung & TCS (Broker excuse)

VASTUDEV Your Trust Our Foundation 9319193919 9319193913

BUY/ Sell Prime Plots / Kothis,Noida Sector-15A 44, 46,47, 48, 50,51, 92, 93B 100, 105, 108, 151 YEIDA Sec-18,20,22 Size:120-4000

ORGANIC FARMLAND FOR SALE 1700 Sq Yds. With Fruit Bearing Trees, Gated, Fenced. On Main Road. Opp. Jaypee Greens Sector 131. Multiple Car Parking. Contact 9810066100

UNITECH PLOT FOR SALE 99717 20158

UNITECH THE Willows Sec 96, 97, 98 Noida. Plot 538 sq.yard, Corner, Side Park, West Facing, Green Space Proprnant Pvt. Ltd.

NIVASA HOMES Sanju Anand 9810035490 Karan Walia 9999906733 PLOTS, FLATS/KOTHIS

OFFICES/ FACTORY/ INDUSTRIAL, Noida, Gr. Noida, Noida Extn YEIDA. Sale/Purchase/Construction/Supervision/Interior.

DMG Realty A unit of Gupta Sanitone Pvt. Ltd. 98111 71633

JAYPEE WISHTOWN Noida Sector 128 - 134, Golf Plots, Villas, Plots, Apartments Penthouse for Sale. Cont.: 9625000300

JEWAR PROPERTIES 73030 68104

CHEAP FARM Land for Sale Near JEWAR Air-Port & Film City & Sector-25, Greater Noida, Area 5 to 20 Acre Call 7303068104

ग्रेटर नोएडा

Contact Owner 9810812067, 9810012067

NORTH EAST Facing Premium apartment - Greater Noida- Plumeria Garden, 1875 sft., 4th. flr. 3bhk, 3bhk + Servant with Toilet, 2 Covered Parkings, Pool & Clubhouse facing.

उत्तरी दिल्ली

Since 1980 JAI BHARAT ASSOCIATES 8383885801 9811160255

PRIME Industrial Factory, 400 Sq.yd, Imm. Sale B-Block G.T Karnal Road Industrial Area, Near Ashok Vhr Delhi-33

Ms. ROHINI 8448552918

ROHINI BUY/ Sell Plots alloted by DDA Sec-1-38. Liaison/ Collaboration / New Allotment Investment. 8448552918.

ROHINI BUY • SELL • INVEST SECTORS 27–38

PLOT SIZES- 36m, 32m, 30m (Single/pair), 150, 350 & 400 yds. Metro Corridor, UER-2 Connectivity. Bank Loan. Freehold Plots. Shri Radhey (Since 1986), Sec-8, Rohini- 9810118217

BISHT PROPERTIES PVT. LTD. 9811134984 9650045100

DDA MIG (36×26=52) sqmt.drawing+2Bhk,lift +Prking,sec-4 Rohini Pkt-B-9, H.No.153-154, 63Lac - SF, 75Lac-TF, Loan Availbl

ROHINI Kaul 9971365050

BEST Investment Option Sec - 34, 35, 36, 37, 38 Availability of Plots in RohiniDDA Liaison Free hold of Plots. 9971365050

पश्चिम दिल्ली

BALI nagar 35 Sq yard commercial plot facing main road for immediate sale cosmos 9810001682

दक्षिण दिल्ली

FOR Sale Flat 3 Bedrooms attached Bathrooms, 1500sqft, 2nd Flr,Savitri Nagar, Malviya Nagar,South Delhi. Rs 49 Lac. Contact Owner Ashish 704237-4367 Garg 9953881733,9851122590

GK 300/ 400 Sq Yds 3rd Flr+Terrace MANMEET SINGH 93130 73041

GK-I 300 Yd, 3rd Flr+Terr 4 BHK, S.Qtr, 2 Car Park; GK-II, 400 Yd, 3rd Flr+Terr 4 BHK, S.Qtr, 2 Car Park. Rich Specs, Top Locations.

Luxury FLOORS AJAY PATHAK 9810092264

SAFDARJUNG ENCL. 200/300 Yds GF & FF @5.5 Cr, Green Park 200 Yds GF & Top Flr @ 6Cr, Hauz Khas 250 Yds FF @ 6.75 Cr.

VISHAL GARG 9717778856

FOR SALE/LEASE, Commercial Basement/Gr. 1st/2nd/3rd Floor. Area 20000. A 27 Main Mehrauli Badarpur Road, N.Delhi-44

VASANT KUNJ SEVENTY SEVEN REAL ESTATE 9899297929

VASANT KUNJ Ground Floor 3 BHK, 3 Washrooms with Beautiful Courtyard available for sale. Contact 9899297929.

C-9/4 VASANT VIHAR 420 Sq Yds Park facing SANJEEV ARORA 98733-01011

BRAND NEW B'mt+GF/ FF/SF Luxurious 4 BR, SQ Lift, Stilt 2 Car Park with CC, Top Builder, Ready. (Vaastu Expert available)

98101-20612 89206-30362 AMBICA PROP (Regd)

FLRS : Gulmohar 500y FF Soami Ngr 500yd Bmt+GF Kailash Col 500yd Bmt+GF SJE /S.Xtn 500y FF/TF+T NPC / GK 500yd 3rd+Terr

Neelam M.Sc. B.Ed. 9873255806

KOTHI & Floor 200-2200y Vasant Vhr/ Anand Nkt/ Shanti Nkt/Westend/NFC /GK/Neeti Bg/ Gulmohar Pk/Panchshil Pk & around

Y-4, GREEN PARK MAIN 200 Yds, S.Flr RAJU SHARMA (AGENT) 9811464624

LUXURIOUS 3 Beds att. Baths, D/D, Front & Back Balconies, S.Qtr, Lift, Stilt 2 Car Parking, Top Builder Rich Specs, Ready to move

VASANT VIHAR GROUND + BMT/ TF Ravinder Yadav 9818935156

VASANT VIHAR 1200 TF @ 35 & 800 SF @ 22 & 650/430 Ground Bmt & TF & Shanti Niketan 300/425 Ground Bmt / FF/ TF New

R.K. SHARMA 9810411268 9810941200

NEW FRIENDS Colony 500 Yds North East Facing, 500 Yds D Block also. Maharani Bagh 500 yds House for Sale

DEFENCE COLONY MOHIT SACHDEVA ESTATES 9873348936

READY B/New Floor for sale, Defence Colony (325y) 3rd Floor+terrace rights, New height with lift & Stilt parking, A+ Construction.

Neelam M.Sc. B.Ed. 9873255806

BUNGALOW 375/425 y Malcha Mg/ Jor Bg/867y single & pair Sunder Ngr/ 1.4 acre Tilak Mg /1-5Acre lutyen prithviraj rd/SP mg

FOR Sale Pitampura Maurya Enclave 150 Sq. Yds Old Kothi Park in Back Side, Demand 8.5Cr. Cont: Santosh Gupta+919104333336,9811033336

GK-1, 208 S.Yds FF New, 2 Car Park CR.PARK 200 Yds 4 BHK Rattan Jha 9810381356 9810265234

GK-1 (208 yds) FF, New, 2 car parking, SQ Also C.R Park (200 yds) 4 BHK, 2nd With Half Terrace, Corner, Reasonable price

BUY & SALE PLOTS, FLATS & FLOORS 33 Years of Trusted Exp. 9810804488

LAKEWOOD CITY, Royal Retreat, Eros Garden, Eden Wood Towr, Kant Enl. (Advisory Only) Faridabad & Gurugram locat.

Commercial Residential Space on Main Road CR PARK 3 Side Corner Plot Third-Floor with Terrace Area 410 Square Yard Ample Parking Space Sale Pr ice : 5 Crore Contact 9871577722

FOR SALE PRIME RESIDENTIAL HOUSE in Panchsheel Park, S-Block Plot Size 500 sq. yards, North facing, located on Outer Ring Road with Service Lane in front. Genuine buyers may contact at: 9217510116

THREE HANDS
FOR RENT | OKHLA PHASE 3 OFFICE SPACE MULTIPLE OPTIONS
The Infinity. Plot 80 Floor Size. 6,000 Sq Ft Total Space. 64,000 Sq Ft
The Iconic. Plot 47 Floor Size. 4,750 Sq Ft Total Space. 19,000 Sq Ft
The Oasis. Plot 31 Floor Size. 5,400 Sq Ft Total Space. 12,000 Sq Ft
Furnished. 140/Ft | Bare-Shell. 120/Ft Corner Properties. 24x7 Security Same Lifts. Lively Lobby. Power Backup
OWNER 9311443843 9811120960

दिल्ली

2BHK DDA flat on Sale C&D Blk Shalimar bagh Delhi 3rd Flr Sunfac Corner parking Nr HaidrPur Metro 1.45 Cr Mbl 7896614607

राजस्थान

SOLAR LAND FOR SALE Fatehgarh, Jaisalmer (Rajasthan). Leased to Japanese MNC. ~12% ROI. Contact: 9211939260

देहरादून

CONTACT 9012300000

FOR SALE-145 Sqyds 4bhk Duplex Villa Mountain View Whole Day Sunlight Near Sai Temple Rajpur Road Dehradun

गाजियाबाद

Property For Sale 9958044470

FARM/AGRI/ MULTI purpose land size 500-17500 yards on 35ft. road 2 Side Open, 10 min drive from Muradnagar rapid rail stn

हरियाणा

AVAILABLE FOR SALE PHASE 1, SECTOR-2 2000 sqmt Group Housing Plot in Bawal. Close Proximity to Big Industrial Sectors Possession Ready PLEASE CONTACT 9999278911 9810203537 housingbawal@gmail.com

हिमाचल प्रदेश

BOOK PROPERTY IN HIMACHAL @ ₹1 Lakh (60 Months) 7340715959

ULTRA LUXURY Resort Style Project having 30+ amenities, RERA Approved, loan facility. www.belvoirhills.com

PROJECTS for Sale in Himachal with 118 Permission 1) Near Sadhupul - Hotel site 2) Near Bhojnagar - Hotel and Housing 8366048131

वृंदावन

MAGSONS RESORTS Plot For Sale CALL 9958825277

MAGSONS RESORTS Kosi, Mathura 180 sq.yds Villa plot, East facing, Park facing on Delhi-Agra (NH-2) 6 lane Highway for sale @ 60,000 p.sq.yd.

बिक्री के लिए भूमि

PRIME Location land for sale in Zirakpur, Ambala highway 5.5 ACRE Suitable for builders. Contact 9671006654

मुंबई प्रॉपर्टीज

मुंबई

BOOK MUMBAI ALIBAG SELL BUY
• Farm House
• Villa
• N.A. Plots
AA PROPERTIES 9057603111 9811405789

प्रॉपर्टी ऐस्सलेरीज

लीज और किराए पर

8,700 Sqft for lease, AT AEROCITY New Delhi Full furnished Ready to use contact- 9899043761 / 8447357922

किराये के लिए

मध्य दिल्ली

CONTACT 99993346278

NEW ROHTAK RD (OPP LIBERTY) Full Comm Bldg (B+Stilt+4) 15000 sqft (3000/flr) Bank, Hospital, MNC

FURNISHED office for rent akashdeep building barakhamba road area 440 sft middle circle yogeshwar area 415 sqft cosmos 9810005682

गुरुग्राम

NURSING HOME GUEST HOUSE CAR SHOWROOM 9311139322

1) SEC-52, 40 RK Rooms (2) Sector-45, 18 RK Rooms (3) Sector-39, 25 RK Rooms 4) South City1 27 RK rooms 5) NH-8 Showroom 25000 ft

FULLY Furnished SF on 500 yd Kothi - 2 BHK attached toilets, DD, Store, Terrace (1600 ft feet) excellent location A 4/6 DLF Phase 1, Gurugram; Contact 9971166980

RENT: SL1 500 SQY @2 LAC, DEF2 3005qyd1.25,DLF1 500SQY @3.25, Dlf5 3605QY@1.4.Many more options Call Artisan Realty@9873143969

TWO WAREHOUSES FOR RENT

106500 Sq.Ft. Area (New) 86500 Sq.Ft. Area (Adjoining) on Bilaspur-Tauru Road, Haryana 7 kms from NH-8 Near KMP with CLU FIRE NOC & CC 9810275552 9911317444 magsons.pioneers@gmail.com

लखनऊ

LUCKNOW to Sultanpur Highway Nr. Lulu Mall, 3100 sqft LGF+3 Story building on rent. Use for showroom/ office/MNC, etc # 9415098136

उत्तरी दिल्ली

COMMERCIAL Rent Space on Ring Road Shalimar Bagh First and Second Floor Available for office super area 2800 ft each floor at Metro Station Gate no 1. Cont: 9312632050

नोएडा

NOIDA Sec-108 flat no- 504, Alpine tower divine Meadows, 1850 sq.ft Area 3 BHK +3Toilets 1+Servent room, 1+Toilet # 9415142535

साउथ दिल्ली

NEW FRIENDS COLONY 500 Sq Yds Kothi for Rent 9810491640 9818062668

NEW FRIENDS Colony- 500 Yds, Corner/Park fac Kothi GF+FF Duplex 4 BR, D/D, 2.5 SQ, Parking, Well, Maintained @ 4.5L (Nego)

GK1, Defcol new 3/4 BHK 2 Floors Ac Lift,Stilt Parking. Can be Fully Furnished, Basement for Clinic,Office, Advocates.Contact: 9650637878

GK-1, 300 Yds 3 BHK Fully Furnished Sharma 9910166637 9811044309

GREATER KAILASH Part-1, 300 Sq. Yds, 3 BHK fully Furnished Also 1500 sqft Basement Best Location. 9810166637, 9811044309

Newly Renovated Independent Bungalow Contact 9289725729

FRIENDS COLONY EAST, 600 YRDS, 5 BHK, CLASSIC LUXURY, ONLY SERIOUS RENT ENQUIRIES

सोनीपत

TO Let 65,000 sqft Warehouse / Industrial Shed - Jhundpur, Sonipat 350 ft rd Frontage, 50 ft clear Height, 14 Docks, 100 KW Indep Transformer. 2.5 Acre Plot. Owner 9825209025

ग्रेटर नोएडा

INDUSTRIAL BUILDING FOR LEASE IN ECO TECH 11 (GREATER NOIDA)

ECO TECH 11, Plot No. 65, 2000 Meter. Plot Size: 17000 Sq.Ft. (Covered Area). Available for Lease. Cont: 9818094954.

बिजनेस

BUSINESS OFFERS

SEEKING investment opportunities in Delhi NCR construction projects. Specialized in electrical works. WhatsApp: 9211270763

बिजनेस प्रस्ताव

SALES CONSULTANTS / AGENTS For Paint Sales to Industries, PSUs, Paint Shops Role: Arrange orders & ensure payments commission basis. Call: 9036192998

EARN, 20,000 Invest 75000 Auto, Bulb Plant Labour, MKT facility with Agreement. Contact : 9910492487, 9654399631

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

GALLERIA

Lowest Gold Rate in all over Delhi ₹128000 Per 10g*
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items | Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

PROPERTY FOCUS TIMES interact

READY TO MOVE-IN INDUSTRY / FACTORY
BASATPUR, DHAULANA
Near Dadri, Gr. Noida
30 Mins. Jewar Airport
Land: 7500 Sq.Yds
Constructed: 5000 s.ft Shed, 5 Shops, Boundary Wall
Power: 65 KVA transformer
Suits: Mineral Water/ Paper/ Dairy/ Food Processing/ Oil/ Dal Mill Industry, Warehouse, School, Residential etc.

@ ₹ 15000 p.sq.yd
Contact: 9318397038

श्रद्धा AN ISO 22000 & HACCP COMPANY सबुरी
॥ Sairam Sweets ॥™
THE KAJU BARFI SPECIALIST™
WIDE RANGE OF WEDDING BHAJI
₹280, 470, 500, 550, 620, 780, 1200
शादी 4 लाईन बॉक्स ₹520*/- से शुरु
ड्राईफ्रूट थाल ₹850*/- से शुरु
काजू कतली ₹650*/- NET WEIGHT 900 GM
शुद्ध देशी घी जोधपुरी लड्डू सवामनी ₹17000/-
T&C apply *Rates are only for 900gms, not for smaller packs
ROHINI # 7291882000
MEERA BAGH # 9911332000
VIKASPURI # 8744942000
VISHNU GARDEN # 8744952000
JAIL ROAD # 8744922000
MALVIYA NAGAR # 9911502000
SOUTH EXT PART 1 # 7838902000
SEC-12, DWARKA # 9911952000

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZPG5 User: cci Time: 01-17-2026 22:54 Color:

फटाफट खबरें

यूपी अंडर-14 टीम में शौर्य का चयन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : शौर्य यादव का चयन यूपी की अंडर-14 क्रिकेट टीम में हुआ है। डीपीएसजी मेरठ रोड के छात्र शौर्य यादव टीएनएम क्रिकेट अकैडमी के खिलाड़ी हैं। ऑलराउंडर के रूप में उन्होंने अब तक 341 मैचों में 11305 रन और 157 विकेट लिये हैं। उन्होंने 25 शतक भी लगाए हैं और उनका सर्वाधिक स्कोर 325 रन है। जो उन्होंने हाल ही में हुए पहले अंडरटीनिया क्रिकेट लीग में टीएनएम क्रिकेट अकैडमी के लिए खेलते हुए बनाया था। अब वह यूपी की अंडर-14 की टीम से खेलेंगे।

जल और ऊर्जा पर आधारित मॉडल दिखाए

■ NBT न्यूज, कविनगर : केडीबी पब्लिक स्कूल में सेंटर फॉर एनवायरमेंट ऑफ एजुकेशन अहमदाबाद के सहयोग से संचालित इको स्कूल कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने जल, ऊर्जा, स्वस्थ जीवन, अक्षिष्ट प्रबंधन एवं जैव विविधता विषयों पर आधारित मॉडल व चार्ट प्रस्तुत किए। जल संरक्षण पर आधारित विशेष मॉडल भी प्रस्तुति किया गया, जिसे कोयर ग्रुप के आर्यन प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्य निवेदिता राणा व उप प्रधानाचार्य नमता दुबे भी मौजूद रहीं।

विधायक खेल स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

■ NBT न्यूज, लोनी : ट्रांनिका सिटी स्थित सलवान पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विधायक खेल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने किया था। बॉलीबॉल गर्ल्स के सब-जूनियर वर्ग में सलवान पब्लिक स्कूल प्रथम, नयू सिग्नलीलाइ रामेश्वर पार्क स्कूल उपविजेता रहा। बालक जूनियर वर्ग में ज्ञानमंड पब्लिक स्कूल प्रथम, सलवान पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा।कबड्डी (सीनियर वर्ग) में एसजेएस इंटर स्कूल प्रथम और ग्लोबल पब्लिक स्कूल द्वितीय रहा। वेटलिफ्टिंग में केअर इंटर कॉलेज के उस्मान अली ने प्रथम तथा सलवान पब्लिक स्कूल के आरव बैसला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में सलवान पब्लिक स्कूल प्रथम, नयू सिग्नलीलाइ स्कूल सेकंड रहा। 100 मीटर दौड़ में मिहा अग्रवाल प्रथम, अरोही द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय रहीं।

GST में सुधारों को लेकर की चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : राज्य कर विभाग में शनिवार को व्यापार संवाद कार्यक्रम में विभाग की ओर से जीएसटी सुधारों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में रिटर्न दाखिला, जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ, पंजीयन, समाधान योजना, ई-वे बिल, व्यापारी दुर्घटना बीमा की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मंदड़ ने कहा कि विभाग की कार्रवाई के दौरान यदि तकनीकी पोर्टल की विसंगति के मामले सामने आते हैं, तो शासन को जानकारी दी जाए। पंजीयन और समाधान योजना पर विधवाविरनी वर्मा ने कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए नियम 14 के अंतर्गत तीन दिन में पंजीयन मिलता है। इससे छोटे व्यापारियों के लिए पंजीयन प्रक्रिया को सरल किया गया। जब व्यापारी का टर्नओवर अधिक हो जाता है तो वह नियम 14 की श्रेणी से बाहर आ सकता है। यदि व्यापारी पंजीयन लेने के उपरांत निरस्त करना चाहता है तो वह स्वेच्छा से पंजीयन कैंसल करा सकता है।

संपूर्ण समाधान दिवस में आई 106 शिकायतें

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : मोदीनगर तहसील परिसर में शनिवार को पूर्ण समाधान दिवस में 106 शिकायतें आईं। केवल दो मामलों का ही समाधान हो सका। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर औपचारिकता पूरी कर दी गई।मेरठ मंडल के अतिरिक्त महायुक्त अमरीश कुमार, एडीएम प्रशासन ज्योति गौर्य, एसडीएम मोदीनगर अजीत कुमार, तहसीलदार रजत सिंह तथा एसीपी मोदीनगर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अतिरिक्त महायुक्त ने समाधान दिवस रजिस्टर का निरीक्षण कर अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा।

मेरठ हाइवे पर लगा जाम

■ NBT न्यूज, मुरादनगर : सड़क निर्माण के चलते मेरठ हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पांच मिनट का रास्ता तय करने में घंटों का समय लगा। शनिवार को मेरठ से गाजियाबाद की ओ जाने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य चल रहा था। अहिंसा फैक्ट्री मैन गेट से गंग नहर तक वाहनों की कतार लग गई।

खोड़ा नगरपालिका की बोर्ड बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा

11 में से 10 प्रस्ताव मंजूर, एक पर जताई नाराज़गी

■ NBT रिपोर्ट, खोड़ा

खोड़ा नगर पालिका परिषद में शनिवार को बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अधिशासी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह और नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कुल 11 प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखे गए, जिनमें से 10 पर सहमति बन गई, जबकि एक प्रस्ताव पर सभासदों और प्रशासन के बीच मतभेद कायम रहे। जिसमें फिलहाल के लिए इसे ड्रॉप किया गया। इस दौरान पेयजल, सड़क निर्माण, अतिक्रमण से लेकर सफाई, डेयरी से लेकर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण से जुड़ी समस्या रही।

मकानों के नियमों को लेकर हुंडई, चेयरमैन और सभासदों में हुई बहस

बैठक में सबसे अहम चर्चा पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई। इसमें नगर पालिका की टीम ने क्षेत्र में जलापूर्ति सुधारने के लिए 18 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव रखा। ईओ ने स्पष्ट किया कि यह कार्य जिलाधिकारी की मंजूरी मिलने के बाद ही शुरू किया जाएगा। इस दौरान सभासदों ने कई वार्डों में पानी की किल्लत का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया और जल्द समाधान की मांग की। इसमें सभासदों से भी अपने अपने वॉर्ड में दो मुख्य निर्माण कार्यों को लेकर जल्द ही आवेदन जमा करने की भी बात कही। इस प्रस्ताव पर बिगड़ी बात बैठक के दौरान एक प्रस्ताव मकानों के नियमों से संबंधित था, जिस पर सहमति नहीं बन पाई। इस प्रस्ताव में भवन निर्माण नियमों में कुछ संशोधन की बात कही गई थी।

वहीं खोड़ा में भवन निर्माण को लेकर नियम कानून लागू करने पर भी बहस हुई जिसमें कहीं पर कोई उल्लंघन ना हो। इसमें कई सभासदों ने इसका जमकर विरोध जताया। उनका कहना था कि यह प्रस्ताव आम लोगों के हित में नहीं है और इससे निर्माण प्रक्रिया और जटिल हो जाएगी।

फरवरी से शुरू हो जाएंगे काम: ईओ डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने बैठक के बाद बताया कि जिन प्रस्तावों पर सहमति बनी है, उन पर एक महीने के भीतर काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकांश कार्य नगर पालिका के अपने बजट से पूरे किए जाएंगे। वहीं चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कहा कि सभी वॉर्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे।

पेयजल पर 18 करोड़ का बजट प्रस्तावित, जिलाधिकारी की मंजूरी के बाद शुरू होगा काम

इन प्रस्तावों पर सहमति

- हर वार्ड में दो निर्माण कार्य
- पेयजल व्यवस्था
- अवैध डेयरी संचालकों पर कार्रवाई
- सरकारी संपत्ति को चिह्नित करना
- इंदिरा विहार में आंबेडकर पार्क का निर्माण
- राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से निकास के आवश्यक कार्यों पर बात
- हाउस टैक्स जमा न करने वाले बकायेदारों पर कार्रवाई
- निकाय के संचालित वाहनों की मरम्मत
- सफाई व्यवस्था
- स्ट्रीट लाइट

टास्क पूरा करने के नाम पर पौने 7 लाख की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

टेलिग्राम ग्रुप से जोड़कर टास्क पूरा करने के नाम पर जालसाजों ने एक शख्स से करीब पौने सात लाख रुपये ठग लिए। ठगों का पता चलने पर पीड़ित ने 16 जनवरी को साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

सेक्टर-5 निवासी रवि रंजन सिंह ने बताया कि दो मई 2025 को टेलिग्राम पर मैसेज आया। जालसाजों ने टास्क पूरा करने पर कमाई का झांसा दिया। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने पहली बार में 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद पीड़ित को टेलिग्राम पर एक लिंक भेजा गया। उस पर बैलेंस दिखाने लगे। इसके बाद दूसरा लिंक भेजा गया, जिस पर पीड़ित के खाते में पहली बार में 17,962 और दूसरी बार में करीब 39 हजार रुपये आ गए। इसके बाद जालसाजों ने पीड़ित को भरोसे में लेकर अलग-अलग खातों में छह लाख 74 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने रुपये निकालने की कोशिश की, तो और रकम जमा कराने की बात कही गई। ठगी का अहसास होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। एसीपी साइबर ने बताया कि केस दर्ज कर खातों को ब्लॉक करा दिया गया है।

साइबर थाने में केस दर्ज

- सेक्टर-5 निवासी रवि रंजन सिंह के पास दो मई 2025 को टेलिग्राम पर मैसेज आया था
- एसीपी साइबर ने बताया कि केस दर्ज कर खातों को ब्लॉक करा दिया गया है

ठगों ने युवक से 75 हजार रुपये ट्रांसफर कराए

■ NBT रिपोर्ट, टीएनए : साइबर ठगों ने एक शख्स को टेलिग्राम और वॉट्सऐप पर चैट और कॉल कर बातों में फंसा लिया और करीब 75,700 रुपये ट्रांसफर करा लिए। ठगों का अहसास होने पर पीड़ित ने 16 जनवरी को मंगुरी थाने में केस दर्ज कराया है। डासना के दुनानिया मोहल्ला इंदिरापुरम निवासी मोहित गौतम ने बताया कि 16 जुलाई 2025 जालसाजों ने झांसे में ले लिया। जालसाज उनसे चैट करते रहे। 17 जुलाई को पीड़ित से 75 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

घेर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र के एक गांव में घेर में एक युवक का शव मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जता कार्रवाई की मांग की है। गांव देहरा दैनी उर्फ आमिर का शनिवार सुबह शव मिला। शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दैनी की गांव के ही कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी। मृतक के साले अरबाज और मामा आरिफ खान ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेज जांच शुरू कर दी है।

प्रतिबंधित पशु के बारे में गलत सूचना से मचा हड़कंप

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : सारा रोड क्षेत्र में शनिवार शाम प्रतिबंधित पशु वध की सूचना से हड़कंप मच गया। मोदीनगर और निवाड़ी थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हालांकि, जांच में मामला फर्जी मिला। सारा रोड के पास खेतों से गुजर रहे लोगों की नजर एक बोरी पर पड़ी, जिसमें किसी पशु का शव था। आशंका जताई गई कि गोवंश की हत्या कर अवशेष बोरी में भरकर फेंके गए हैं। सूचना मिलते ही तत्काल दोनों थानों की पुलिस और हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी नीरज शर्मा की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने जांच की तो शव बछड़े का निकला, जिस पर हिंसा के कोई निशान नहीं पाए गए।

सब्जी लेने गई महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूट लिए जेवरात

■ NBT न्यूज, मुरादनगर

रेलवे रोड पर महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने के चेन और कुंडल लूटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। जलालपुर रोड निवासी 60 वर्षीय मधुबाला ने बताया कि शुक्रवार को रेलवे रोड पर सब्जी खरीदने गई थीं। रास्ते में एक युवक मेडीनगर जाने का रास्ता पूछा। इसी बीच युवक ने मुंह पर कपड़ा लगा दिया। इसके बाद सोने की चेन और कुंडल निकालकर फरार हो गया। 20 मिनट महिला को होश आने पर अपने साथ हुई वारदात का पता चला। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर बदमाशों का पता लगाया जाएगा।

कोयल एन्क्लेव में उद्यान विभाग को सामुदायिक हॉल बनाने के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

कोयला एन्क्लेव योजना के तहत चल रहे काम को सुविधाजनक और सुंदर बनाने के लिए जीडीए के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वीसी ने मौके पर मौजूद इंजीनियरों को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देश जारी किए। खाली प्लॉटों पर कम्यूनिटी शेड बनाने और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सामुदायिक हॉल बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने उद्यान विभाग को निर्देशित किया कि योजना के भीतर पार्कों और ग्रीन बेल्ट को विकसित कर वहां सौंदर्यीकरण का काम तत्काल शुरू किया जाए, ताकि लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके।

किडनी स्वैपिंग से दो परिवारों में लौटीं खुशियां

■ NBT रिपोर्ट, वैशाली : वैशाली के निजी अस्पताल में सफल स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट ने दो परिवारों की दुनिया उजड़ने से बचा ली। अलग-अलग शहरों से आने वाली दो महिलाओं देहरादून की 57 वर्षीय बिमला देवी और दिल्ली की 38 वर्षीय शिप्रा शर्मा की तकदीरें इस ऑपरेशन के साथ हमेशा के लिए जुड़ गईं।

बता दें कि, बिमला देवी पिछले दो साल से गंभीर किडनी रोग के कारण बार-बार अस्पताल के चक्कर लगा रही थीं, वहीं शिप्रा शर्मा 5 वर्षों से हाई ब्लड प्रेशर से उपजे क्रॉनिक किडनी डिजीज का सामना कर रही थीं। दोनों के परिवारों में किडनी देने वाले मौजूद थे, जिसमें बिमला देवी के पति हरा सिंह (62) और शिप्रा के पिता अनिल कुमार भारद्वाज (63) अपने परिवार के साथ यहां आए थे। पूरे टेस्ट करवाए लेकिन ब्लड ग्रुप मैच न होने के कारण सीधा ट्रांसप्लांट असंभव था। एक दिन दोनों परिवार अस्पताल के बाहर एक दूसरे से टकराए और दोनों की परिस्थिति बिल्कुल एक सी निकली। इसके बाद दोनों परिवारों ने डॉक्टर से कंसल्ट किया। यहीं पर मैक्स अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट के बारे में बताया। इसमें तय हुआ कि हरा सिंह अपनी किडनी शिप्रा शर्मा को और अनिल भारद्वाज अपनी किडनी बिमला देवी को देंगे। इसके बाद पूरा मेडिकल ट्रीटमेंट और ट्रांसप्लांट प्रक्रिया शुरू की गई। दोनों परिवारों कहना था कि वह अपने परिवार के साथ आए थे लेकिन यहां से दो परिवार बनकर लौट रहे हैं।

हरा सिंह ने शिप्रा शर्मा को और अनिल ने बिमला देवी को किडनी दी

तंत्र-मंत्र से मालामाल होने के चक्कर में दोस्तों ने ही की थी ऑटो चालक की हत्या

■ NBT न्यूज, लोनी

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के अगरौला गांव के जंगल में जले हुए ऑटो में मिले शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि ऑटो चालक की हत्या तीन दोस्तों ने की थी। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक आरोपी की तलाश की जा रही है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पवन पुत्र करण पाल निशांत कॉलोनी का रहने वाला है। वहीं, सागर उर्फ पंडित पुत्र सुशील बागपत के बमनौली थाना दौघट का निवासी है। इनके कब्जे से बैटरी ऑटो और एक गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला है कि मृतक नवीन तीन दोस्तों पवन, सागर और नसीम को लेकर दिल्ली में एक तांत्रिक से मिलने गया था। जहां तांत्रिक ने किसी परिचित व्यक्ति की बलि देने पर उसके मालामाल होने और परमात्मा से मिलन की बात कही थी। नवीन ने तांत्रिक से अपने किसी दोस्त की बलि देने की बात पूछी थी। इनकी बात सुनकर तीनों को शक हुआ।

दो अरेस्ट, एक फरार, बैटरी ऑटो और सिलिंडर भी बरामद

ऐसे की थी वारदात

आरोपियों ने बताया कि मंगलवार को दिल्ली में तांत्रिक से मिलने के बाद चारों सीधे सागर के घर चले गए। देशन ने सभी ने शराब पी। बाद में पवन, सागर और नसीम ने नवीन के सिर, कमर पर सिलिंडर से वार कर मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद शव को कबल में लपेटकर उसी के ऑटो में रखकर घिटोरा मोड़ के पास जंगल में लेकर पहुंचे। जहां ऑटो के साथ शव में आग लगा दी। ऑटो व शव जली हुई हालत में अगली सुबह मिले थे।

धारदार हथियार से हमला, चालक घायल

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : मेडिकल कॉलेज में ड्राइवर के पद पर कार्यरत एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। इस दौरान पीड़ित की आंख में चोट लग गई। क्रॉसिंग रिपब्लिक की कृष्णनगर थाना में रहने वाले शिवेंद्र संतोष मेडिकल कॉलेज में ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिसंबर को ड्यूटी पर थे। सुबह करीब 11 बजे विनोश टनकी गढ़ी के पास आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने धारदार हथियार से उनपर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया और पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया। चार दिसंबर को विजयनगर थाने में दोनों के बीच समझौता नामा लिखवाया गया। इसमें इलाज का खर्च उठाने की बात कही थी, लेकिन नहीं दिया।

हवा खराब, 22 से बारिश के आसार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का प्रकोप जारी है। शनिवार सुबह भी पूरा इलाका घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा। विजिबिलिटी बेहद कम होने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा छंटा और धूप ने सर्द हवा को बेअसर कर दिया। शनिवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया।

बेहद खराब श्रेणी में एक्यूआई

शहर की हवा भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 394 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी के उच्चतम स्तर पर है। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसका असर 22 और 23 जनवरी को देखने को मिल सकता है। दोनों दिन हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। फिलहाल सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट जारी किया गया है।

कोहरे के कारण लेट हुई ट्रेनें: कोहरे और कम दृश्यता के चलते शनिवार को कई ट्रेनें लेट रहीं। शनिवार को आम्रपाली एक्सप्रेस 6 घंटे, ब्रह्मपुत्र मेल 4 घंटे, नेताजी एक्सप्रेस करीब 1.30 घंटे की देरी से पहुंचीं। सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर 1.50 घंटे, नई दिल्ली एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस करीब 1.40 घंटे लेट, पलवल-गाजियाबाद इंटरसिटी 3 घंटे, सहारनपुर दिल्ली पैसेंजर 1.30 घंटे, दनकौर दिल्ली मेमू 1 घंटे की देरी से पहुंची।

तीन भूखंड की रजिस्ट्री कराने के बाद नहीं दी रकम

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

मसूरी थाना क्षेत्र में भूखंड की रजिस्ट्री के दौरान दिए गए 15 लाख रुपये के दिए गए तीन चेक का आज तक भुगतान नहीं किया गया। साथ ही नकद तीन लाख का पेमेंट भी नहीं किया गया। मसूरी गांव के रहने वाले ईश्वर सिंह ने बताया कि 2022 में रईसपुर के रहने वाले आरोपी सतेन्द्र कुमार द्वारा उनके मसूरी स्थित जमीन पर तीन भूखंड 600 वर्ग गज की रजिस्ट्री कराई थी। यह रजिस्ट्री दिल्ली निवासी स्वाती सिरोही के नाम हुई। उस वक्त तीन चेक 15 लाख के खोले गए थे, जो रजिस्ट्री के बाद देने थे। लेकिन वह चेक आज तक नहीं दिए गए।

फर्जी इकरारनामे के आरोप में FIR के निर्देश

■ NBT न्यूज अमरोहा : अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 ने राजीव बिल्ला की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कोतवाली पुलिस को मेहर चंद पाल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के आदेश दिए हैं। राजीव बिल्ला ने कोर्ट को बताया कि मेहर चंद ने 100 रुपये के स्टांप पेपर का दुरुपयोग कर फर्जी इकरारनामा तैयार कराया। 11 फरवरी 2019 को इकरारनामा लिखा गया, जबकि उस दिन आवेदक विपक्षी के कार्यालय नहीं गया था।

राहत | 9 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़क को एनसीआरटीसी ने नए सिरे बनाया

मेरठ तिराहे से दुहाई तक सड़क सुधरी, जाम से निजात

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

एनसीआरटीसी (NCRTC) ने मेरठ तिराहे से दुहाई स्थित इंटर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (IPE) तक की सड़क के नौगोंद्धार का काम पूरा कर लिया है। लगभग 9 किलोमीटर से ज्यादा लंबे इस खंड को अब लोक निर्माण विभाग (PWD) को हैंडओवर कर दिया गया है। नमो भारत कॉरिडोर के निर्माण के चलते कुछ समय से यह मार्ग बंद चल रहा था।

एनसीआरटीसी ने इस सड़क को पहले से ज्यादा चौड़ा और सुरक्षित बना दिया है। यह प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग के लिहाज से चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि इस व्यस्त सड़क पर ट्रैफिक के बीच नमो भारत के पिलर और ट्रैक तैयार किए जाने थे। अब इस मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

पहले से ज्यादा चौड़ी बनाई: एनसीआरटीसी ने स्थानीय लोगों और भारी वाहनों के दबाव को समझते हुए सड़क का चौड़ीकरण किया है। पहले इस सड़क की चौड़ाई महज 7 मीटर थी। अब इसे दोनों तरफ बढ़ाकर 10.5 मीटर कर दिया गया है।

सड़क के दोनों ओर अतिरिक्त जगह मिलने से ट्रैफिक का प्रवाह बेहतर होगा और पैक आउट्स में लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। यह चौड़ीकरण मेरठ तिराहे से दुहाई ईपी तक करीब 9.3 किलोमीटर के पूरे हिस्से में किया गया है।

जलभराव की समस्या भी खत्म: दिल्ली-मेरठ रोड की सबसे बड़ी समस्या मानसून के दौरान होने वाला जलभराव था। इस समस्या का स्थायी समाधान करते हुए एनसीआरटीसी ने सड़क के दोनों ओर लगभग 6 किलोमीटर लंबे पक्के नाले का निर्माण किया है। बेहतर ड्रेनेज सिस्टम होने से बारिश के पानी की निकासी तुरंत हो जाएगी, जिससे यात्रियों को जलभराव के कारण लगने वाले जाम से जूझना नहीं पड़ेगा।

सौंदर्यीकरण का भी रखा गया ख्याल: सड़क के नौगोंद्धार के साथ सौंदर्यीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया है। कॉरिडोर के नीचे टिकाइजर पर पौधरोपण कर 'ग्रीन बेल्ट' विकसित की गई है।

यह हरियाली न केवल आंखों को सुकून देती है, बल्कि रात में विपरीत दिशा में आने वाले वाहनों की हाई-बीम लाइट को भी रोकती है, जिससे हादसे का खतरा कम होता है। इसके अलावा, नमो भारत स्टेशनों के बाहर अलग से 'सर्विस लेन' बनाई गई है।

2018 में शुरू हुआ था सफर, अब जिम्मेदारी बदली

नमो भारत कॉरिडोर के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने साल 2018 में यह सड़क एनसीआरटीसी को सौंपी थी। तब से लेकर अब तक सड़क के रखरखाव की जिम्मेदारी एनसीआरटीसी के पास ही थी। निर्माण के दौरान बैरिकेडिंग के भीतर सारा काम किया गया, ताकि जनता को दिक्कत न हो। अब नमो भारत का परिचालन शुरू हो चुका है तो एनसीआरटीसी सड़कों को संबंधित विभागों को वापस कर रही है। मेरठ तिराहे से दुहाई तक का हिस्सा अब पीडब्ल्यूडी के पास है।

45 साल बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज की आई याद, नौ करोड़ से सुधरेंगे हालात

Anup.Pandey
@timesofindia.com

■ गाजियाबाद : शास्त्री नगर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को 45 साल बाद नया जीवन मिलने जा रहा है। वर्ष 1981 में बने इस कॉलेज की इमारतों में अब तक कभी बड़े स्तर पर मरम्मत का काम नहीं हो सका था। समय के साथ कॉलेज का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर जर्जर हालत में पहुंच गया था। अब ऐन छात्र पानी के रिसाव, प्लास्टर गिरने और खराब सुविधाओं की शिकायत करते थे।

अब शासन की ओर से कॉलेज के रिनोवेशन के लिए करीब 9 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। कॉलेज प्रिंसिपल जगबीर लोनी ने बताया कि इस बजट से कॉलेज के सभी भवनों की मरम्मत और नवीनीकरण कराया जाएगा। निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के माध्यम से कराया जाएगा। पहले चरण के कार्य के लिए 1.54 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है।

रिनोवेशन के तहत मुख्य और वर्कशॉप बिल्डिंग की क्लासरूम और लैब की जर्जर स्थिति को सुधारा जाएगा। गर्ल्स हॉस्टल और उसके बाथरूम की मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा आवासीय और सुरक्षा से जुड़े ढांचों पर भी काम होगा। गेट हाउस गार्ड रूम और बाउंड्रीवॉल का निर्माण और मरम्मत कराई जाएगी। कॉलेज परिसर के भीतर सीसी रोड और गेट का निर्माण भी शामिल है।

1981 में बने इस कॉलेज की हो रही थी रंगाई-पुताई

"कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर 5 साल से प्रयास कर रहे थे। 45 साल पहले जब कॉलेज का भवन बना था, उसके बाद रिनोवेशन नहीं हुआ है। सिर्फ समय-समय पर रंगाई-पुताई हो जाती थी। इसकी वजह से बिल्डिंग की स्थिति काफी खराब थी। **-जगबीर लोनी, प्रिंसिपल राजकीय पॉलिटेक्निक**

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZBP User: cci Time: 01-17-2026 22:19 Color:

फटाफट खबरें

किशोरी लापता, अनहोनी की आशंका

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र से मानसिक रूप से कमजोर किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में केस दर्ज करवाया है। राजौरी नगर निवासी परिजनों के अनुसार, 16 वर्षीय बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। वह 14 जनवरी को लापता हो गई थी। कई जगह तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

ठगी के आरोपी को नहीं मिली ज़मानत

■ NBT न्यूज़ आरडीसी : सिद्धानी गेट थाना क्षेत्र में महिलाओं से जेवरात और रुपये ठगने के आरोपी आमिर की कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, 16 सितंबर 2025 को सुनीता देवी दिल्ली से अपनी बहन के घर शिवमपुरा आ रही थी। रास्ते में छोटा दास स्कूल के पास दो युवकों ने महिला से जाने के कुशल, पायल, रिंग, तीन-चार हजार रुपये और मोबाइल फोन ठग लिए थे। मामले में आमिर को जेल भेजा गया था।

ऑटो की टक्कर से युवती घायल

■ NBT न्यूज़ आरडीसी : अम्बेडकर चौराहे के सामने हापुड़ रोड को पैदल क्रॉस कर रही एक युवती को तेज रफ्तार ऑटो चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में युवती को पास के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि युवती के दिमाग में चोट लगी है। दिल्ली के जहांगीरपुर में रहने वाले लालजी ने शिकायत देकर बताया कि मैं जनवरी को बेटी लक्ष्मी भाई से मिलने गाजियाबाद आई थी।

डिवाइडर से टकराई कार, शख्स की मौत

■ NBT न्यूज़, नुरादनगर : ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गांव मिल्क चकरपुर के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा कोहरे के कारण हुआ है। कार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बागपत से पुहाई की ओर जा रही थी। मृतक की पहचान शहराव निवासी मोहल्ला रसूलपुर रवार जिला रामपुर के रूप में हुई है। तीन लोग घायल हुए हैं।

लापरवाही के 'तालाब' में कार समेत समाया इंजीनियर, मौत

नोएडा सेक्टर-150 में एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर हादसा, बेसमेंट के लिए खोदा था गड्ढा

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

युवराज

सेक्टर-150 स्थित एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर इसी जगह से कार पानी में गिरी

कोहरे के कहर ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जान ले ली। नोएडा के सेक्टर-150 स्थित एटीएस ली-ग्रैंडिओस मोड़ पर निर्माणाधीन मॉल के बेसमेंट के लिए खोदे गए विशाल गड्ढे में उनकी कार जा गिरी। शुक्रवार रात 12 बजे कार नाले की टूटी बाउंड्रीवॉल को पार करते हुए पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। घंटों चले सर्च ऑपरेशन में एसडीआरएफ ने शव बाहर निकाला। अभी कार की तलाश जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के बाद वह मोबाइल की टॉर्च जलाकर उसने मदद की गुहार लगाई। उसने अपने पिता को भी फोन किया था।

सेक्टर-150 की टाटा वूरेका पार्क सोसायटी निवासी 27 वर्षीय युवराज मेहता गुड़गांव में नौकरी करते थे। वह एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। शुक्रवार रात वह 12 बजे वह अपनी कार से घर लौट रहे थे। रात में कोहरा घना था। इसी वजह से कार नाले की टूटी दीवार को तोड़ते हुए बेसमेंट के गड्ढे में जा गिरी। पीआरवी के जरिये सूचना मिलने पर नोलेज पार्क थाना पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ की टीमें बुला लिया। गहराई और अधिक पानी होने से कार तक पहुंचने में मशक्कत करनी पड़ी। गोताखोरों की मदद से इंजीनियर को बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे वाली जगह पर पिछले दिनों एक ट्रक नाले की दीवार तोड़कर पानी में चला गया था। पुलिस का कहना है कि हादसे की वजह तेज रफ्तार और कार का अनियंत्रित होना सामने आ रहा है।

लापरवाही या कोहरे का कहर

- रात 12 बजे कार नाले की टूटी दीवार को पार करते हुए पानी में जा गिरी
- कोहरा व सोसायटी के मोड़ पर नाले का अंदाजा नहीं लगने से हादसे की आशंका
- एसडीआरएफ व गोताखोरों ने खोजा इंजीनियर की कार अभी भी नहीं मिली
- युवराज गुड़गांव की आईटी कंपनी डनहुमबी इंडिया में नौकरी करते थे
- शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह अपनी कार से घर की ओर लौट रहे थे
- रात में कोहरा घना था, इसी वजह से रास्ते का अनुमान न होने पर हो गया दुखद हादसा

काफी देर तक फंसा रहा

घटना के बाद पूरा परिवार टूट चुका है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इंजीनियर पिता राजकुमार मेहता का इकलौता सहारा थे। बताया जा रहा है कि बेसमेंट में भारी मात्रा में पानी भरा हुआ था, जिसमें कार सवार युवक फंस गया और उससे निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह काफी देर तक फंसा रहा। उसने बचने का प्रयास किया। प्रशासनिक टीमों को आने में समय लगा।

सोसायटियों का भरा हुआ है पानी

सेक्टरवासी कई बार अधिकारों से नाले के आसपास बाउंड्रीवॉल और रिफ्लेक्टर लगाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने पुलिस से संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। आशंका है कि कोहरे की वजह से एटीएस ली-ग्रैंडिओस सोसायटी के मोड़ पर नाले का रही अंदाज नहीं लगा। इसलिए कार गड्ढे में जा गिरी। यह 30 से 40 फुट गहरा है। इसमें आसपास की सोसायटियों का पानी भर जाता है। बिल्डर इसी जगह मॉल बनाया रहा था।

लोगों ने बताया कि वह किसी तरह कार से बाहर निकल आया और उसके ऊपर बैठकर मोबाइल की टॉर्च जलाकर मदद की गुहार लगाई। उसने अपने पिता को भी फोन किया।

लोग वहां इकट्ठा हो गए, लेकिन कोई आगे नहीं आया। कोहरा अधिक होने के चलते मदद मिलने में देरी हुई। जब तक बचाव टीम पहुंचती कार पानी में समा गई। वह भी डूब गया।

हादसे के बाद आनन-फानन में डलवा दिया मलबा

आसपास के लोगों ने बताया कि हादसा होने के बाद नोएडा अथॉरिटी ने लीपापोती शुरू कर दी है। हादसे वाली जगह पर दर्जनों ऊपर मलबा डाल दिया गया है। वहां पर डायवर्जन का बोर्ड लगा दिया गया है। ताकि वह अपनी जिम्मेदारी से बच सकें। लोगों ने वहां पर विरोध किया। लोग वहां पर बैरिकेडिंग और खतरे का निशान लगाने की मांग पहले से ही करते आए है।

5वें हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में हुआ प्रोडक्ट लॉन्च

हेमंत कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर (बाएं), लकी ड्रॉ विजेता डिस्ट्रीब्यूटर को गिफ्ट सौंपते हुए

कपूरा के 5वें हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवॉर्ड समारोह में 1,500 से ज्यादा अतिथि शामिल हुए, जिनमें चिकित्सक, आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा उद्योग के अग्रणी शामिल थे। कंपनी के लिए यह दोहरी खुशी का अवसर था। एक तरफ इंडस्ट्री के बेहतरीन परफॉर्मेंस को उजागर करने का मंच था तो दूसरी ओर कंपनी की एक बड़ी घोषणा का मंच भी था। मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि कपूरा के इस भव्य कार्यक्रम में 10 नए प्रोडक्ट लॉन्च किए गए, जो विशेष रूप से आयुर्वेद चिकित्सकों की मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये सभी प्रोडक्ट्स कपूरा कंपनी के तीन साल के गहन शोध और अनुसंधान का नतीजा थे।

ये प्रोडक्ट्स चिकित्सा की दुनिया में मील का पत्थर साबित होंगे। इन उत्पादों को लेकर बाजार में जबरदस्त प्रतिक्रिया है, यही कारण है कि प्री लॉन्च से पहले ही एक लाख से ज्यादा यूनिट्स का ऑर्डर प्राप्त हो चुका था। यह कंपनी के प्रति चिकित्सकों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के भरोसे को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि कंपनी पिछले 27 वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। गुणवत्ता और विश्वास इसके मुख्य आधार हैं। उन्होंने कहा कि कपूरा भारत की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में से एक है, जिसकी तीन यूनिट्स हैं। इसके 600 से ज्यादा प्रोडक्ट्स हैं। इस कंपनी की खास बात यह है कि इसके वर्क फोर्स में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। कंपनी ओफलाइन खरीदारी एवं वितरकों की समर्थक है। कंपनी उन सभी साधनों का विरोध करती है, जो ऑफलाइन फुटकर बिक्रेता की मार्ग की बाधा है। कंपनी के भविष्य की योजनाओं में इसके मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स शारजाह, यूएई में शामिल करना साथ ही अरब देशों में आयुर्वेद के लिए एक बड़ा बाजार बनाना और रूस पर मजबूत पकड़ बनाना है। कंपनी की यह नीति मजबूत घरेलू स्थिति से लेकर क्षेत्रराष्ट्रीय प्रभाव की ओर बदलाव का संकेत देती है।

हेमंत कुमार शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर (बाएं), लकी ड्रॉ विजेता डिस्ट्रीब्यूटर को गिफ्ट सौंपते हुए

डिस्क्लेमर: इस लेख में किए गए दावे विज्ञापनदाता के हैं। इनका अखबार से कोई लेना-देना नहीं है।

आरोपी की ज़मानत अर्ज़ी खारिज

■ NBT न्यूज़, आरडीसी : अपर सत्र न्यायाधीश (फोर्ट संख्या-7) ने थाना विजयनगर क्षेत्र में महिला से मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में आरोपी रवि शुक्ला की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। वादिनी ने शिकायत में बताया था कि वह बच्चों को लेने सोसायटी के गेट पर पहुंची थी, तभी रवि शुक्ला ने मारपीट की।

Enterटेनमेंट masalamix

सना खान बोलीं, 'किसी ने प्रभावित नहीं किया'

सना खान के 2020 में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री छोड़ने के बाद उनके पति मुफ्ती अनस सईद पर सना का हेनडॉग करने का आरोप लगा था। हाल ही में सना खान ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सच नहीं है। कोई भी आपको प्रभावित नहीं कर सकता, जब तक आप खुद ना चाहें।

प्रशांत जैन

दशकों के कोविड के बाद सिनेमाघरों में नहीं लौटने से फिल्म इंडस्ट्री वाले खासे परेशान थे। उधर साउथ और हॉलिवुड की फिल्मों की रीमेक फिल्म बनाने का हिट फॉर्मूला भी खतरे में पड़ गया। कोविड के दौरान पब्लिक ने न सिर्फ साउथ बल्कि वर्ल्ड सिनेमा की फिल्मों को भी ओटीटी और इंटरनेट पर देखा डाला। किसी भी रीमेक फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शक उसकी ओरिजिनल फिल्म की चर्चा शुरू कर देते। इसके चलते कई रीमेक बॉलिवुड फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं।

इसी दौरान साल 2023 में सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके सबको हैरान कर दिया। अपनी प्रॉक्वल गदर एक प्रेम कथा की रिलीज के करीब 22 साल बाद रिलीज हुई इस सीक्वल फिल्म ने ना सिर्फ मुश्किलों से गुजर रही फिल्म इंडस्ट्री में जान डाल दी, बल्कि एक श्रदद सुपरहिट के लिए परेशान फिल्म वालों को सफलता का नया फार्मूला दे दिया। इसके बाद तो फिल्म निर्माताओं ने धड़ाधड़ अपनी सुपरहिट फिल्मों के सीक्वल घोषित करने शुरू कर दिए। नतीजतन इस साल करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार हैं। वहीं आने वाले सालों में भी यह सिलसिला जारी रहने वाला है, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में डेढ़ दर्जन से ज्यादा सीक्वल फिल्मों की प्लानिंग चल रही है। हॉलिवुड वाले तो पहले से सीक्वल फिल्में बना रहे हैं, लेकिन अब बॉलिवुड व साउथ वाले भी इस हिट फार्मूले को आजमा रहे हैं।

> अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे फिल्म की रिकॉल वैल्यू के चलते अच्छी ओपनिंग मिल जाती है, लेकिन फिल्म का ओवरऑल प्रदर्शन उसके कॉन्टेंट पर निर्भर करता है।
>
> -शिरीष जौहर, फिल्म बिजनेस एनालिस्ट

आने वाले सीक्वल

- स्त्री 3
- काबिल 2
- गदर 3
- जवान 2
- रामायण 2
- एनिमल 2
- पठान 2
- गोलमाल 5
- कुली 4
- डॉन 3
- हेरा फेरी 3
- जाट 2
- खलनायक 2
- खाकी 2
- तनु वेड्स मनु 3
- नो एंट्री 2
- फिक्र 2
- शैतान 2

2026 के सीक्वल

- बॉर्डर 2
- मर्दानी 3
- वध 2
- पति पत्नी और वो 2
- धुरंधर 2
- आवारापन 2
- धमाल 4
- जेलर 2
- भेड़िया 2
- कॉकटेल 2
- दृश्यम 3
- वेलकम 3

'सीक्वल फिल्म को मिलती है अच्छी शुरुआत'

2025 में करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में रिलीज हुई है। इनमें जॉली एलएलबी 3, रेड 2, धार 2, हाउसफुल 5 और सितारे जमीन पर प्रमुख थीं। बॉलिवुड से साउथ सिनेमा तक में सीक्वल के बढ़ते ट्रेंड के बारे में प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट सिरीश जौहर कहते हैं, 'यह सच है कि अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे अच्छी एडवांस बुकिंग व पहले वीकेंड पर अच्छी ओपनिंग मिल जाती है। खासकर 'गदर 2' के मामले में हम ऐसा देख चुके हैं। जब भारी संख्या में लोग फिल्म देखने के लिए टूट पड़े थे। बेशक दर्शकों में पुरानी हिट फिल्म की रिकॉल वैल्यू होती है। लेकिन सिर्फ सीक्वल फिल्म बनाकर हिट की उम्मीद करना सही नहीं है। मेरा मानना है कि किसी भी फिल्म का प्रदर्शन आखिरकार उसके कॉन्टेंट पर निर्भर होता है। कहानी दमदार है, तो वह प्रॉक्वल फिल्म की तरह हिट होगी।'

खुशी की पुरानी फोटोज़ देख हैरान हुईं जाह्नवी

इन दिनों सोशल मीडिया पर 2016 की फोटोज शेयर करने का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। ये ट्रेंड इतना फमेंट किया जा रहा है कि तमाम फिल्मी सितारे भी इससे अछूते नहीं रहे। खुशी कपूर ने भी 2016 की अपनी कई फोटो शेयर की हैं, जिस पर जाह्नवी कपूर ने हैरानी जताई है। खुशी की पोस्ट की गई फोटोज में से एक पिक्चर में जाह्नवी कपूर भी उनके साथ नजर आ रही हैं। इन फोटोज के साथ खुशी ने कैप्शन में लिखा, 'मैं 2016 में सब से ज्यादा कूल थी।' उनकी इस पोस्ट पर बहन जाह्नवी कपूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जाह्नवी कपूर ने हैरानी जताते हुए लिखा, 'हर कोई यह क्यों कर रहा है।' खुशी की इन फोटोज पर उनके तमाम फैंस मनोदार कमेंट कर रहे हैं।

स्टार्स ने साझा कीं फोटोज

खुशी के अलावा दूसरे कई सिलेब्रिटीज ने अपनी 10 साल पुरानी फोटोज शेयर की हैं। ऐसी एक पोस्ट में आलिया शाहरुख के साथ सेट पर दिख रही हैं। उन्होंने शाहरुख को अपना फेवरेट को-स्टार भी बताया। वहीं करीना कपूर ने भी 2016 की फोटोज शेयर की हैं, जिनमें ज्यादातर फोटोज में उनका बेबी बंप दिख रहा है। उनके साथ सैफ अली खान भी हैं। उधर दीया मिर्जा ने आर. माधवन के साथ अपनी फोटो सोशल मीडिया पर साझा की हैं।

फोटोज में दिख रही हैं जाह्नवी भी

खुशी कपूर ने अपनी कई फोटोज शेयर की हैं। उनमें से एक फोटो में वह बहन जाह्नवी कपूर के साथ दिख रही हैं। वहीं एक पिक्चर में वह सेल्फी लेती दिख रही हैं। एक अन्य फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में खूबसूरत लग रही हैं, तो दूसरी फोटो में वह टूर पर नजर आ रही हैं। उनकी फोटोज पर फैंस प्यार लुटा रहे हैं।

रहमान के बयान पर छिड़ा विवाद

संगीतकार एआर रहमान ने एक इंटरव्यू में इशारों में बताया कि उन्हें बॉलिवुड में कम काम मिल रहा है। क्या इंडस्ट्री में बाहर के लोगों से भेदभाव होता है? उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि मुझे इससे छुटकारा गया हो पर ऐसा मालूम नहीं हुआ। शायद आठ साल में पावर शिफ्ट के कारण और जो क्रिएटिव नहीं हैं, वे ज्यादा ताकतवर हैं, इस वजह से ऐसा हुआ हो। हो सकता है कि इसमें कुछ साम्प्रदायिक हो पर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। कई बार सुनने में आया कि मुझे बुक किया गया पर बाद में म्यूजिक कंपनी ने अपने पांच कंपोजर्स रख लिए। पर मैं इन सब को लेकर परेशान नहीं होता।'

> शायद लोग समझते होंगे कि एआर रहमान पश्चिम और अपने शो में ज्यादा व्यस्त रहते हैं, इसलिए हमारे पास नहीं आएंगे।

> मैं दरवाजों से गा रहा हूं, कई बार मेरे पास भी काम नहीं होता। मैं इसे पर्सनली नहीं लेता। मुझे इंडस्ट्री में कोई साम्प्रदायिकता नहीं दिखती।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 18-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDT7 User: cci Time: 01-17-2026 22:16 Color:

रहमान के बयान पर छिड़ा विवाद
देखें अंदर

NBT गाज़ियाबाद THA Times OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । रविवार, 18 जनवरी 2026

किडनी स्वैपिंग से दो परिवारों में लौटीं खुशियां
देखें अंदर

*Artistic impression of the Township

ONE PRASTHA
BUILD • BETTER • BEYOND

THE ELITE RESIDENCES

SECTOR 91, SONIPAT

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in